वर्ष : 34 | अंक : 286 | मुंबई, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित




# DBD
# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**आज से शुरू होगी मनपा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया**

# मनपा चुनाव का आगाज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

करीब 4 वर्ष के विलंब के बाद राज्य की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव के लिए नगरसेवक बनने के इच्छुक सभी दावेदारों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। मंगलवार, 23 दिसंबर से मनपा के चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है, जो 30 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान इच्छुक उम्मीदवार प्रभागों के अनुसार तय किए गए जोन कार्यालयों से नामांकन पत्र खरीदकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

### निर्वाचन अधिसूचना और समय-सारिणी

मनपा प्रशासन ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18 दिसंबर को चुनाव की घोषणा करते हुए अधिसूचना जारी की थी। इसके अनुसार, 23 से 30 दिसंबर तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। 25 दिसंबर (क्रिसमस) और 28 दिसंबर (रविवार) को साप्ताहिक अवकाश के चलते नामांकन प्रक्रिया बंद रहेगी।

### नामांकन पत्रों की जांच और अंतिम सूची

नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 31 दिसंबर को सभी नामांकन पत्रों की विधिवत जांच की जाएगी। वैध नामांकन वाले प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी जबकि अपात्र नामांकनों को खारिज कर दिया जाएगा। इसके पश्चात उम्मीदवारों को 2 जनवरी तक नामांकन वापस लेने का अवसर मिलेगा। 3 जनवरी को अंतिम उम्मीदवार सूची जारी होने के साथ चुनाव चिन्हों का आवंटन भी किया जाएगा।

- 23 से 30 दिसंबर तक पेश किए जा सकेंगे नामांकन
- 31 दिसंबर को होगी नामांकनों की पड़ताल
- 2 जनवरी तक वापस लिए जा सकेंगे नामांकन
- 3 जनवरी को अंतिम सूची जारी करने के साथ ही चुनाव चिन्हों का वितरण

### मतदान और परिणाम की तिथि

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, मतदान 15 जनवरी को होगा और 16 जनवरी को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। नामांकन की अंतिम सूची जारी होने के बाद उम्मीदवारों को 13 दिनों का प्रत्यक्ष प्रचार करने का समय मिलेगा। ऐसे में पूरी प्रक्रिया करीब 25 दिनों में पूर्ण हो जाएगी।

### स्वतंत्र और पारदर्शी चुनावों के प्रति प्रतिबद्धता

भूषण गगरानी ने बैठक में कहा कि नगर प्रशासन और चुनाव तंत्र निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सभी दलों और उनके कार्यकर्ताओं से राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया। गगरानी ने कहा कि इसका पालन करने से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी और चुनाव अवधि के दौरान सकारात्मक उदाहरण स्थापित होगा।



## बीएमसी चुनाव की तैयारियों पर समीक्षा बैठक

बृहन्मुंबई नगर निगम के आगामी आम चुनाव 2025-26 की तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक तैयारियों, कानूनी अनुपालन और चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने में राजनीतिक दलों की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी भूषण गगरानी ने की, जिन्होंने चुनाव के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत की और राजनीतिक दलों द्वारा उठाए गए। प्रमुख मुद्दों का समाधान किया।

### नामांकन, जांच प्रक्रिया और समन्वय पर चर्चा

बैठक में वरिष्ठ अधिकारी और पार्टी प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिनमें अतिरिक्त नगर आयुक्त डॉ. अश्विनी जोशी, विशेष चुनाव अधिकारी विजय बलमावर, उप आयुक्त मूल्यांकन एवं संग्रह विश्वास शंखवार सहित कई अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने नामांकन दाखिल करने, आवेदनों की जांच, आपत्तियों का रिकॉर्ड रखना और मतदाता जागरूकता पहल जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। राजनीतिक दलों के सवालों के जवाब देते हुए अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी कानूनी और तकनीकी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सहयोग जारी रहेगा। बैठक का समापन इस आश्वासन के साथ हुआ कि चुनाव नजदीक आने पर नियमित समन्वय जारी रहेगा और चुनाव प्रक्रिया व्यवस्थित तथा विश्वसनीय रहेगी।

---


**लवासा हिल सिटी परियोजना**

# शरद पवार और अजित पवार को राहत

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच की याचिका खारिज की**

डीबीडी संवाददाता | पुणे

महाराष्ट्र के पुणे के पास स्थित लवासा हिल सिटी परियोजना को लेकर चल रहा कानूनी विवाद एक बार फिर चर्चा में है। सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने शरद पवार और उनके परिवार के खिलाफ दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अवैध अनुमतियां देने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज करने या सीबीआई (CBI) से जांच कराने की मांग की गई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को लवासा परियोजना से जुड़े एक अहम मामले में दायर जनहित याचिका (PIL) को खारिज कर दिया। इस याचिका में हाईकोर्ट से मांग की गई थी कि पुणे के लवासा क्षेत्र में निजी हिल स्टेशन के निर्माण को लेकर कथित अवैध मंजूरियों के मामले में शरद पवार, सुप्रिया सुले, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और अन्य के खिलाफ पुलिस केस दर्ज करने या सीबीआई से जांच कराने के निर्देश दिए जाएं।



### क्यों खारिज हुई याचिका?

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम ए. अनखड़ की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता नानासाहेब जाधव की दलीलों को अपर्याप्त माना। कोर्ट ने कहा की याचिकाकर्ता अपने दावों के समर्थन में पुख्ता सबूत उपलब्ध कराने में विफल रहा है। साथ ही हाईकोर्ट ने इस पर भी गौर किया कि यह प्रोजेक्ट लगभग दो दशक पुराना है। याचिकाकर्ता ने पहले भी ऐसी ही मांग की थी, जिसे 2022 में अत्यधिक देरी के आधार पर खत्म कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान एनसीपी के वरिष्ठ नेता शरद पवार के वकीलों ने तर्क दिया कि वर्तमान याचिका में वही आरोप दोहराए गए हैं जिन्हें अदालत पहले ही देख चुकी है, इसलिए इसे दोबारा सुनना न्यायसंगत नहीं है।

### याचिकाकर्ता का क्या था आरोप?

याचिकाकर्ता वकील नानासाहेब जाधव ने दावा किया था कि लवासा प्रोजेक्ट को अनुमति देने में नियमों की अनदेखी की गई और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने 2018 में पुणे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप था कि मामला बड़े नेताओं और अधिकारियों से जुड़ा होने के कारण पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है, इसलिए इसकी जांच सीबीआई को सौंपी जानी चाहिए।

### क्या है लवासा प्रोजेक्ट विवाद?

रिपोर्ट्स के अनुसार, लवासा को देश के पहले निजी हिल स्टेशन के रूप में विकसित करने की परियोजना थी। पुणे के मुलशी घाट में वरसगांव बांध के पास करीब 25,000 एकड़ भूमि पर इसे बसाने की योजना थी। लेकिन इस पूरी परियोजना को तब बड़ा झटका लगा जब 2010 में पर्यावरण मंत्रालय ने नियमों के उल्लंघन के कारण यहां निर्माण कार्य रोक दिया। 2022 में हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की थी कि शरद पवार और सुप्रिया सुले का इस प्रोजेक्ट में 'व्यक्तिगत हित' और 'प्रभाव' नजर आता है। तब के सिंचाई मंत्री अजित पवार पर भी प्रक्रियागत चूक के आरोप लगे थे। हजारों करोड़ों के कर्ज के कारण यह प्रोजेक्ट दिवालिया हो गया और वर्तमान में एक खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। ऐसे में बॉम्बे हाईकोर्ट के इस ताजा फैसले के बाद शरद पवार, अजित पवार और सुप्रिया सुले पर लवासा मामले में लटक रही कानूनी तलवार फिलहाल हट गई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बिना ठोस कानूनी आधार और सबूतों के आपराधिक जांच का आदेश नहीं दिया जा सकता।

---

**बढ़ते पॉल्यूशन पर हाईकोर्ट सख्त**

# हांफ रही है मुंबई

## हाईकोर्ट ने बीएमसी कमिश्नर को किया तलब



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने शहर में वायु प्रदूषण को रोकने में अधिकारियों की नाकामी पर नाराजगी जाहिर की है. कोर्ट ने बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सेक्रेटरी को मंगलवार को सुनवाई में पेश होने का निर्देश दिया गया है. जानकारी के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सेक्रेटरी को वायु प्रदूषण से संबंधित स्वतः संज्ञान जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है.

### कमिश्नर और सचिव को हाजिर होने का निर्देश

कोर्ट ने वायु प्रदूषण पर कोई एक्शन न लेने पर अधिकारियों को तलब किया है। पीठ ने कहा 'हम बीएमसी कमिश्नर और एमपीसीबी सचिव को मंगलवार को अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश देते हैं। वे सबसे पहले उपस्थित हों'। हाई कोर्ट में मुंबई में बिगड़ती एयर क्वालिटी को लेकर एक सुओ मोटो (Suo Moto) पिटीशन फाइल की है।

### वायु गुणवत्ता सूचकांक पर चिंता जाहिर की

31 अक्टूबर, 2023 को अदालत ने बढ़ते प्रदूषण का स्वतः संज्ञान लिया था और बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) पर चिंता व्यक्त की थी. AQI संकट से निपटने के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था. एक महीने बाद, हाई कोर्ट ने एक पर्यावरण विशेषज्ञ, आईआईटी के एक विशेषज्ञ और एक सेवानिवृत्त प्रधान सचिव को मिलाकर एक समिति का गठन किया. तब से, अदालत स्थिति पर नजर रख रही है और बृहन्मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अधिकारियों को AQI को नियंत्रण में रखने के लिए विभिन्न निर्देश जारी किए हैं.

### प्रदूषण से निपटने के लिए समाधान खोजने पर जोर

इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को लेकर नागरिकों से जिम्मेदार व्यवहार करने की अपील करते हुए प्रदूषण से निपटने के के लिए ठोस समाधान खोजने पर जोर दिया था. इस दौरान बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने शहर में बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का ब्यौरा अदालत के समक्ष रखा था.

---

## ब्रीफ न्यूज़

### महाराष्ट्र-अरुणाचल के बाद 'कमलमय' हुआ गोवा



**पणजी।** गोवा के सियासी मैदान में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी और एमजीपी गठबंधन ने अपना परचम लहरा दिया है। सोमवार, 22 दिसंबर को आए राजनी जिसके बाद पीएम ने गोवा को लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस शानदार प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश राज्य में सुशासन और विकास की राजनीति पर जनता की मुहर है।

### किसान मोर्चा सड़कों पर उतरेगा

**नई दिल्ली।** ग्रामीण रोजगार और किसान हितों से जुड़े कानूनों को लेकर केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच टकराव फिर तेज हो गया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने नए ग्रामीण रोजगार कानून के खिलाफ 16 जनवरी को देशभर में 'ऑल इंडिया रेजिस्टेंस डे' मनाने का ऐलान किया है। किसान संगठनों का आरोप है कि यह कानून मनरेगा की जगह लाकर गरीबों के हक पर चोट करता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मांग की कि विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी जी राम जी एक्ट को तुरंत रद्द किया जाए।

---

# ऑल इज वेल

- शिवसेना उबाठा और मनसे युति का ऐलान आज
- संजय राउत का दावा, सब कुछ हो गया फाइनल



**मुंबई।** महानगरपालिका चुनावों के लिए मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है, लेकिन अब तक दोनों प्रमुख गठबंधनों में सीट बंटवारे को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। इस बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच भी सीटों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है।

### नामांकन आज से

मुंबई महानगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होकर 30 दिसंबर तक चलेगी। मुंबई सहित राज्य की 29 महानगर पालिकाओं के लिए 15 जनवरी को मतदान होगा और अगले दिन मतगणना की जाएगी।

---

# स्थानीय निकाय चुनावों से दूर रहेंगे राहुल और प्रियंका

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मुंबई। देश की सबसे समृद्ध महानगरपालिका मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) पर कब्जा जमाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंकने की तैयारी कर ली है। महायुति के उम्मीदवारों के समर्थन में पार्टी के बड़े नेता और संगठन के सभी स्तरों के कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में उतरेंगे। भाजपा की रणनीति है कि बीएमसी चुनाव को प्रतिष्ठा का सवाल बनाकर आक्रामक अभियान चलाया जाए। दूसरी ओर कांग्रेस ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है।

### स्थानीय नेताओं पर भरोसा: चेन्निथला

मुंबई और प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे रमेश चेन्निथला ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान का फैसला है कि स्थानीय निकाय चुनावों में सिर्फ स्थानीय नेता ही प्रचार करेंगे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की गैरमौजूदगी से कार्यकर्ताओं के मनोबल पर असर के सवाल को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास स्थानीय स्तर पर मजबूत नेतृत्व है और बाहर से नेताओं को लाने की जरूरत नहीं है।

---

**एमडी/एमएस** | **अपने ही मेडिकल कॉलेज में पूरा करना होगा जिला रेजिडेंसी प्रशिक्षण**

# अंतर-जिला बदली पर डीएमईआर की रोक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राज्य के चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान संचालनालय (डीएमईआर) ने जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातकोत्तर (एमडी/एमएस) विद्यार्थियों की अंतर-जिला बदली पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्णय लिया है। इसके बाद अब एमडी-एमएस के विद्यार्थी केवल अपने शिक्षारत मेडिकल कॉलेज में ही जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम कर सकेंगे।



डीएमईआर ने इस संबंध में सभी वैद्यकीय महाविद्यालयों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

### जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम अनिवार्य

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की 16 सितंबर 2020 की अधिसूचना के अनुसार, राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक वर्ष 2020-21 और उसके बाद प्रवेश लेने वाले स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम अनिवार्य है। एमडी/एमएस पाठ्यक्रम के तीसरे, चौथे और पांचवें सत्र में तीन माह का जिला-स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है।


### प्रशिक्षण का तरीका और नियम

जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय बारी-बारी से विद्यार्थियों को उनके गृह क्षेत्र के जिला अस्पतालों में प्रशिक्षण हेतु भेजते हैं। इस दौरान डीएमईआर को यह जानकारी मिली कि कुछ महाविद्यालय अंतर-जिला बदली के प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहे थे और कुछ विद्यार्थी निर्धारित स्थानों पर कार्यभार ग्रहण नहीं कर रहे थे। इसे गंभीर मामला मानते हुए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। रेजिडेंट डॉक्टरों के संगठन सेंट्रल मार्ड ने इस निर्णय को गलत ठहराया है।

---

# कोकाटे को 'सुप्रीम' राहत

## माणिकराव कोकाटे बने रहेंगे विधायक



डीबीडी संवाददाता | नई दिल्ली/मुंबई

महाराष्ट्र के खेल मंत्री और एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीमकोर्ट ने 1995 के धोखाधड़ी मामले में सीनियर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के नेता माणिकराव कोकाटे की सजा पर रोक लगा दी है, जिससे वह विधायक के तौर पर अयोग्य नहीं होंगे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और पांच बार के विधायक मानिकराव कोकाटे को धोखाधड़ी मामले में बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई दोषसिद्धि पर रोक लगा दिया है, साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया है कि इस फैसले के चलते कोकाटे की विधानसभा सदस्यता खत्म नहीं होगी। यानी मानिकराव कोकाटे विधायक बने रहेंगे, उन्हें अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता।

### दोषसिद्धि पर रोक

मानिकराव कोकाटे के वरिष्ठ वकील मुकुल की दलील पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की दोषसिद्धि पर फिलहाल इस हद तक रोक रहेगी कि उसके कारण विधानसभा की सदस्यता खत्म न हो।

### क्या है पूरा मामला?

कोकाटे पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए सरकारी योजना में झूठा हलफनामा दाखिल कर फ्लैट हासिल करने का आरोप है। सुनवाई के दौरान जस्टिस संजय करोल और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि आय की घोषणा न करना अपने आप में किसी दस्तावेज को जाली (फर्जी) नहीं बनाता। इस पर मानिकराव कोकाटे के वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट में दलील दी कि जिस कथित अपराध का आरोप है, वह 1989 का है, उस वक्त कोकाटे न तो विधायक थे और न ही किसी संवैधानिक पद पर थे, बल्कि एक वकील के तौर पर काम कर रहे थे।

# कोर्ट ने बढ़ाई आरोपी गैंगस्टर सुभाष सिंह ठाकुर की हिरासत

**समय चौहान हत्याकांड**

डीबीडी संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले में हुए बहुचर्चित समय चौहान हत्याकांड में शामिल गैंगस्टर सुभाष सिंह ठाकुर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विशेष अदालत ने सोमवार को उसकी पुलिस हिरासत को 29 दिसंबर तक बढ़ाने का आदेश दिया। ठाकुर को उनकी पिछली हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष MCOCA जज एस.एस. शिंदे के सामने पेश किया गया।



### जांच के लिए संयुक्त पूछताछ जरूरी

स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर संजय मोरे ने कोर्ट से ठाकुर की हिरासत 10 दिन बढ़ाने का अनुरोध किया। उनका तर्क था कि मामले में गिरफ्तार अन्य आरोपियों के साथ सुभाष ठाकुर की एक साथ पूछताछ करना जांच के लिए आवश्यक है। वहीं, बचाव पक्ष के वकील राहुल अरोटे ने इस मांग का विरोध किया और कहा कि जांचकर्ताओं के पास पहले ही पर्याप्त समय था। दोनों पक्षों की दलीलों के बाद अदालत ने हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया।

### हत्या का मामला और पृष्ठभूमि

यह हत्याकांड फरवरी 2022 का है। पालघर जिले के विरार (मनवेलपाड़ा) में 32 वर्षीय संपत्ति डेवलपर समय चौहान की दो बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस जांच में सामने आया कि स्थानीय बिल्डर राहुल दुबे और समय चौहान के बीच संपत्ति विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण चौहान की हत्या सुपारी देकर कराई गई।

### मुख्य आरोपी और गिरफ्तारियां

मुख्य आरोपी राहुल दुबे को बिहार के बलिया से गिरफ्तार किया गया था। शूटरों मनीष सिंह और राहुल शर्मा (34) को मार्च में वाराणसी से पकड़ा गया। अभिषेक सिंह (30) भी इसी मामले में गिरफ्तार किया गया। सुभाष सिंह ठाकुर, जिसे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का पूर्व मेंटर माना जाता है, को पिछले हफ्ते उत्तर प्रदेश के फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार से हिरासत में लिया गया। इस हत्याकांड में संलिप्तता पाए जाने के बाद ठाकुर के खिलाफ MCOCA की सख्त धाराएं लगाई गई हैं।

# टीएमसी मुख्यालय में चुनाव के लिए मीडिया मॉनिटरिंग रूम स्थापित

डीबीडी संवाददाता | ठाणे




ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन आम चुनाव 2025-26 को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह तैयार है। राज्य चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, म्युनिसिपल कमिश्नर एवं चुनाव अधिकारी सौरभ राव के मार्गदर्शन में चुनाव प्रक्रिया के हर पहलू की विस्तृत योजना बनाई जा रही है। आयोग के आदेशानुसार मीडिया सर्टिफिकेशन और मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है तथा मनपा मुख्यालय के प्रथम तल पर स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल हॉल में 'मीडिया मॉनिटरिंग रूम' स्थापित किया गया है।

### मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी का गठन

चुनाव के दौरान मीडिया से जुड़े मामलों की निगरानी के लिए सौरभ राव की अध्यक्षता में विशेष कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में पुलिस आयुक्त या उनके प्रतिनिधि, कोड ऑफ कंडक्ट सेल प्रमुख व परिवहन प्रबंधक भालचंद्र बेहरे, उप आयुक्त व नोडल अधिकारी डॉ. मिताली संचेती सदस्य तथा उप सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी व नोडल अधिकारी प्राची डिंगांकर सदस्य सचिव के रूप में शामिल हैं। यह कमेटी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित या प्रकाशित किए जाने वाले विज्ञापनों के प्री-सर्टिफिकेशन सहित मीडिया को सूचना देने का कार्य करेगी।

### बिना प्री-सर्टिफिकेशन के विज्ञापन पर रोक

चुनाव अवधि के दौरान कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार दूरदर्शन, सैटेलाइट चैनल, केबल चैनल, यूट्यूब, केबल नेटवर्क, ऑल इंडिया रेडियो, प्राइवेट एफएम, सिनेमा हॉल, सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले, ई-न्यूज़पेपर, बल्क एसएमएस, वॉइस मैसेज, सोशल मीडिया या वेबसाइट के माध्यम से बिना अनुमति प्रचार नहीं कर सकेगा। इन सभी माध्यमों पर प्रसारित या प्रकाशित किए जाने वाले प्रस्तावित विज्ञापनों को पहले कमेटी से प्री-सर्टिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा ऐसे विज्ञापनों के प्रसारण या प्रकाशन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुवार को अंधविश्वास निवारण अभ्यास शिविर


**ठाणे।** महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति की ठाणे शहर शाखा की ओर से अंधविश्वास के खिलाफ वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के उद्देश्य से 25 दिसंबर को ठाणे में एक दिवसीय 'चमत्कार प्रेजेंटेशन ट्रेनिंग कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। इस अभ्यास शिविर का उद्देश्य तथाकथित चमत्कारों के पीछे छिपी चालाकियों को उजागर कर समाज में तर्कशील सोच विकसित करना है। यह शिविर गुरुवार, 25 दिसंबर 2025 को एमएच स्कूल, स्टेशन रोड, ठाणे (पश्चिम) में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का मार्गदर्शन महाराष्ट्र एनिस प्रकाशन विभाग के राज्य कार्यवाहक प्राचार्य मच्छिंद्रनाथ मुंडे करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया जाएगा कि चमत्कार कैसे प्रस्तुत किए जाते हैं, उनके पीछे की तरकीबें क्या होती हैं और उन्हें वैज्ञानिक नजरिए से कैसे समझा व उजागर किया जा सकता है। महाराष्ट्र एनिस के वर्किंग प्रेसिडेंट एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल ठाणेकर और प्रिंसिपल सेक्रेटरी अशोक मोहिते ने बताया कि इस शिविर के लिए पूर्व-पंजीकरण अनिवार्य है। सभी प्रतिभागियों के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया है, हालांकि पंजीकरण शुल्क के रूप में 100 रुपये निर्धारित किए गए हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक नागरिकों से इस शिविर में भाग लेकर वैज्ञानिक सोच को अपनाने की अपील की है।

### लक्ष्मी सागर इमारत ढही, जानमाल का नुकसान नहीं

**डोंबिवली।** डोंबिवली पूर्व में बापूसाहेब फड़के रोड के चौराहे पर एचडीएफसी बैंक के सामने स्थित खतरनाक इमारत लक्ष्मी सागर सोमवार रात को ढह गई। सड़क के किनारे गिरने के कारण यातायात बंद हो गया, लेकिन किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। इस इमारत में दो परिवार रहते थे, जिन्हें नगर निगम के दमकल कर्मियों ने तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इमारत में डाकघर भी स्थित है। ढांचा ढहते ही जोरदार आवाज़ और इलाके में दहशत फैल गई, जिससे आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर वहां से हटने में ही भलाई समझी। सूचना मिलते ही एफ वार्ड के सहायक आयुक्त प्रसाद ठाकुर और सी वार्ड के सहायक आयुक्त भरत पवार आपातकालीन टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने इमारत में फंसे परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला और चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाकर किसी को अंदर जाने से रोका। नगर निगम और डाकघर मंगलवार को इमारत के संबंध में संयुक्त निर्णय लेंगे। लक्ष्मी सागर इमारत लगभग 40 साल पुरानी थी और इसमें कुल 18 परिवार रहते थे, जिनमें से दो परिवार सीधे प्रभावित हुए। भूतल पर 16 कमरे, एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान और एक केले का भट्ठा था। इमारत नगरपालिका की खतरनाक इमारतों की सूची में शामिल नहीं थी। क्षेत्रीय निवासियों और व्यापारियों का कहना है कि यदि यह घटना दिन में होती तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था।

# दलबदलुओं के दम पर जीती भाजपा : सुले

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति की बड़ी जीत के एक दिन बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने इस जीत को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह सफलता अपने नेताओं की ताकत के दम पर हासिल की है या फिर अन्य दलों से आए दलबदलुओं के सहारे।

### गठबंधन पर अटकलें और आगामी चुनाव

अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा और राकांपा (शरद चंद्र पवार) के पुणे और पिंपरी चिंचवड में साथ चुनाव लड़ने की अटकलों पर सुले ने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी पक्ष से गठबंधन का कोई आधिकारिक प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी विकास के एजेंडे पर सभी को साथ लेकर चलना चाहती है। वहीं, राकांपा (शरद चंद्र पवार) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने मुंबई में भाजपा को हराने के लिए समान विचारधारा वाले दलों के व्यापक गठबंधन की इच्छा जताई। मुंबई और पुणे सहित 29 नगर निकायों के लिए मतदान 15 जनवरी को होगा और मतगणना अगले दिन की जाएगी।

### वोट का बटवारा और सत्ता का असर

रविवार को घोषित नतीजों में भाजपा, शिवसेना और राकांपा के महायुति गठबंधन ने 288 नगर परिषद और नगर पंचायतों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 207 स्थानीय निकाय अध्यक्ष पद जीते, जबकि विपक्षी महा विकास आघाडी को केवल 44 अध्यक्ष पदों पर संतोष करना पड़ा। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार भाजपा ने 117, शिवसेना ने 53 और राकांपा ने 37 अध्यक्ष पद जीते। सुप्रिया सुले ने कहा कि राकांपा और शिवसेना में हुई टूट के कारण वोटों का बंटवारा हुआ और यह भी सच्चाई है कि सत्ता में रहने वाले दलों को ऐसे चुनावों में फायदा मिलता है।

# अंबरनाथ में बंधुआ मजदूरों की रिहाई

## ठाणे जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी की स्पेशल टीम ने कार्रवाई की

डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ



बंधुआ मजदूरी जैसी अमानवीय प्रथा के जारी रहने का चौंकाने वाला मामला अंबरनाथ पश्चिम से सामने आया है। ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल के नेतृत्व में नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी योजना के तहत जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी की स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए मेसर्स शक्ति फूड इंडस्ट्रीज कंपनी से 10 प्रवासी मजदूरों को बंधुआ मजदूरी के चंगुल से मुक्त कराया है। यह जानकारी स्पेशल टीम की सदस्य एडवोकेट तृप्ति पाटिल ने दी।

### संयुक्त ऑपरेशन में 10 मजदूर रिहा

जिलाधिकारी के निर्देश पर रेवेन्यू, पुलिस और श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने देर रात अंबरनाथ पश्चिम स्थित शक्ति फूड इंडस्ट्रीज में छापा मारा। जांच में सामने आया कि ठेकेदार निक्की उर्फ कृष्ण कुमार अग्रहरि और नितिन तिवारी ने उत्तर प्रदेश के भदोही, जौनपुर समेत अन्य जिलों से मजदूरों को 18 से 20 हजार रुपये वेतन, रहने और खाने की सुविधा का लालच देकर बुलाया था। बाद में उन्हें कमरे में बंद कर मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए और परिजनों से संपर्क तोड़ दिया गया। सुनियोजित तरीके से किए गए इस शोषण से 10 मजदूरों को सुरक्षित रिहा कराया गया और दोनों ठेकेदारों को गिरफ्तार किया गया।

### कानूनी कार्रवाई और प्रशासन की अपील

आरोपियों के खिलाफ बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत मामला दर्ज किया गया है। रिहा किए गए मजदूरों को बॉन्ड सर्टिफिकेट जारी कर सुरक्षित रूप से उनके गांव उत्तर प्रदेश भेज दिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर असंगठित क्षेत्र में मजदूरों के शोषण की सच्चाई उजागर की है। जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बंधुआ मजदूरी या श्रमिक शोषण की जानकारी मिले, तो वे चुप न रहकर अथॉरिटी की स्पेशल सेल से तुरंत संपर्क करें।

### शिकायत से शुरू हुई त्वरित कार्रवाई

17 दिसंबर को उत्तर प्रदेश निवासी कमलेश फुन्नन बनवासी द्वारा जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी से संपर्क किए जाने के बाद मामला सामने आया। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए तुरंत स्पेशल सेल के माध्यम से आवेदन तैयार कर जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के सचिव जस्टिस रवींद्र पजंकर को सौंपा गया। पजंकर ने बिना देरी किए जिलाधिकारी डॉ. पांचाल को आधिकारिक पत्र भेजा, जिसके बाद चुनावी व्यस्तताओं के बावजूद प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

# चुनाव की तैयारियां पूरी, प्रशासन सतर्क

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी मनपा के आयुक्त एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनमोल सागर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आगामी मनपा आम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संपूर्ण चुनाव तंत्र तैयार है। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे, उपमंडल अधिकारी अमित सानप, अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, नयना ससाने, उपायुक्त विक्रम दराडे, बालकृष्ण क्षीरसागर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सात निर्वाचन निर्णय अधिकारियों की नियुक्ति




आयुक्त ने बताया कि अब तक 7 निर्वाचन निर्णय अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें वार्ड आवंटित कर दिए गए हैं। मिल्लत नगर, भादवाड़ संपदा, कामतघर, धोबी तालाब और कोम्बाडपाड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर अधिकारियों के कार्यालय स्थापित किए गए हैं, जहां संबंधित वार्डों की चुनावी प्रक्रिया संचालित होगी। प्रत्येक कार्यालय से निर्धारित वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### मतदाता आंकड़े और मतदान व्यवस्था

भिवंडी मनपा क्षेत्र में कुल 258 वार्ड, 6,69,033 मतदाता हैं, जिनमें 3,80,623 पुरुष, 2,88,097 महिला और 313 अन्य मतदाता शामिल हैं। चुनाव के लिए 750 मतदान मशीनें, 820 मतपत्र इकाइयां, 1,640 मतदान केंद्र और 4,590 अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है।

### निगरानी टीम और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत

चुनाव संचालन की समग्र जिम्मेदारी अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके को सौंपी गई है। प्रशासन ने वीडियो निगरानी, स्थैतिक सर्वेक्षण, पुलिस निगरानी और मतदान जागरूकता टीमों की तैनाती कर दी है। आयुक्त अनमोल सागर ने बताया कि प्रत्येक निर्वाचन अधिकारी क्षेत्र में एक महिला गुलाबी मतदान केंद्र और एक प्रायोगिक मतदान केंद्र बनाया जाएगा। वहीं पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार है और संवेदनशील मतदान केंद्रों को लेकर जल्द निर्णय लिया जाएगा।

# नवी मुंबई में 'बुर्का गैंग' की एंट्री

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

**▸▸ सीवूड में दिनदहाड़े सशस्त्र डकैती**
**▸▸ सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों का लगा सुराग**

सीवूड इलाके में सोमवार सुबह दिनदहाड़े एक ज्वेलरी शॉप पर सशस्त्र डकैती की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। हथियारों के बल पर अज्ञात लुटेरों ने दुकान से बड़ी मात्रा में सोने के आभूषण लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। बुर्का गैंग द्वारा इस घटना को अंजाम दिए जाने से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह सीवूड के ज्वेलरी शॉप में तीन आरोपी बुर्का पहनकर ज्वेलरी शॉप में दाखिल हुए, जिससे किसी को उन पर शक नहीं हुआ। वे सीधे काउंटर के पास पहुंचे और अचानक हथियार दिखाकर दुकानदार व कर्मचारियों को धमकाया। इसके बाद काउंटर में रखे सोने के आभूषण लूट लिए। इस दौरान उनका एक साथी दुकान के बाहर निगरानी करता रहा, ताकि किसी तरह का संदेह होने पर तुरंत फरार हो सकें।

### व्यापारियों में दहशत

इस घटना के बाद सीवूड समेत आसपास के इलाकों के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सहायक पुलिस आयुक्त मयूर भुजबल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सीवूड क्षेत्र में ज्वेलरी दुकान पर सशस्त्र डकैती की घटना हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच जारी है। आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### नाकाबंदी कर शुरू किए तलाशी अभियान

इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें आरोपी स्पष्ट रूप से नजर आ रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर इलाके में नाकाबंदी की और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। फिलहाल लूटे गए आभूषणों की कीमत का आधिकारिक खुलासा नहीं हो पाया है।

# खत्म हुआ राजनीतिक वनवास

## संदीप नाईक की भाजपा में घर वापसी

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

विधानसभा का टिकट न मिलने के कारण भाजपा के जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर शरद पवार की एनसीपी से चुनाव लड़ने वाले संदीप नाईक को हार का सामना करना पड़ा था। लंबे समय तक राजनीतिक वनवास झेलने के बाद, संदीप नाईक ने बीती शाम फिर से भाजपा में शामिल होकर अपने राजनीतिक करियर की नई शुरुआत की। भाजपा में शामिल होने के बाद संदीप नाईक ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सद्भावना के तौर पर मुलाकात की। उनके भाजपा में प्रवेश के मौके पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण भी मौजूद थे।

### विकास और जनता के हित में राजनीति



इस अवसर पर संदीप नाईक ने कहा कि उनकी सामाजिक और राजनीतिक यात्रा हमेशा जनता के हित और नवी मुंबई के विकास के इर्द-गिर्द रही है। उन्होंने भाजपा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण और वन मंत्री गणेश नाईक का धन्यवाद किया और कहा कि भाजपा देश, महाराष्ट्र और नवी मुंबई के विकास के लिए सबसे सक्षम और दूरदर्शी विकल्प है।

# अधिवेशन में गूंजा था भिवंडी ड्रग्स-गुटखा का नेटवर्क

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

भिवंडी में ड्रग्स और गुटखा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग लगातार तेज होती जा रही है। अवैध नशा और गुटखा कारोबार ने पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना दिया है। पुलिस की कार्रवाई के बावजूद अवैध ट्रांसपोर्ट पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है, जिससे आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है।

### बार-बार जमानत, फिर वही धंधा

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई मामलों में आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद दोबारा उसी अवैध धंधे में सक्रिय हो जाते हैं। भिवंडी परिसर ड्रग्स और गुटखा ट्रांसपोर्ट का प्रमुख ट्रांजिट पॉइंट बन चुका है, जहां गुजरात से आने वाले गुटखा लदे वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है।

### विधानसभा में उठा मुद्दा

इस गंभीर विषय को भिवंडी के विधायक रईस शेख ने विधानसभा अधिवेशन के दौरान उठाया था। उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पोगांव क्षेत्र में गुटखा फैक्ट्री पकड़े जाने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### मुख्यमंत्री का सख्त रुख



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सदन में स्वीकार किया कि मौजूदा कानूनों के कारण ऐसे मामलों में आरोपियों को आसानी से जमानत मिल जाती है। उन्होंने कानून को और अधिक सख्त बनाने और ड्रग्स व गुटखा माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। इसी पृष्ठभूमि में गुटखा फैक्ट्री मामले के मुख्य आरोपी तेजस रामदास पाटिल का मामला चर्चा में है। शांतिनगर पुलिस स्टेशन में हाल ही में उसके खिलाफ खंडनी का मामला दर्ज किया गया है, जबकि उसके विरुद्ध करीब दस अन्य आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं। तड़ीपार का प्रस्ताव लंबित रहने के बावजूद आरोपी का खुलेआम घूमना और कथित रूप से चुनावी तैयारी करना, पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

# चलती लोकल से छात्रा को धक्का, गंभीर रूप से घायल

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

हार्बर रेलवे मार्ग पर पनवेल और खांदेश्वर स्टेशन के बीच गुरुवार को एक चौंकाने वाली घटना हुई। एक 18 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा को चलती मुंबई लोकल ट्रेन से धक्का दे दिया गया, जिससे वह रेलवे ट्रैक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना का वीडियो अब सामने आया है। पीड़िता खारघर स्थित एक प्रसिद्ध इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा है, जो सुबह करीब 8 बजे अपनी सहेली के साथ पनवेल स्टेशन से सीएसटीएम जाने वाली लोकल ट्रेन के महिला डिब्बे में सवार हुई थी।

### महिला डिब्बे में घुसा आरोपी, पुलिस जांच जारी

रेलवे पुलिस के अनुसार, यात्रा के दौरान शेख अख्तर नवाज (50) नामक व्यक्ति महिला डिब्बे में घुस आया। महिला यात्रियों के विरोध करने पर उसने बहस शुरू कर दी और इसी दौरान छात्रा को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। घायल छात्रा को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर मुंबई लोकल ट्रेनों में यात्रियों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

## निजी अस्पताल में आग लगी सभी मरीज सुरक्षित

**मुंबई।** मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में सोमवार को एक निजी अस्पताल में आग लग गई। इसके चलते 250 से अधिक मरीज, डॉक्टर, कर्मचारी व अन्य लोगों को अस्पताल से बाहर निकालना पड़ा। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि भाटिया अस्पताल की सीटी-एमआरआई स्कैन इकाई में आग लग गई थी। हालांकि, आग बिजली के तारों और उपकरणों तक ही सीमित रही और करी डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

## पराजय के डर से साथ आ रहे उद्धव-राज ठाकरे: नवनाथ बन

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नवनाथ बन ने कहा है कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव में संभावित हार के डर से ठाकरे भाई—उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे—एक साथ आने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों भाइयों के एकजुट होने के बावजूद बीएमसी चुनाव में भाजपा गठबंधन की जीत तय है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में नवनाथ बन ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के संभावित गठबंधन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुंबई के मतदाता भली-भांति जानते हैं कि करीब बीस साल पहले उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे को अपने घर से बाहर कर दिया था। ऐसे में यह गठबंधन केवल अवसरवादी है, जिसे जनता का समर्थन नहीं मिलेगा। नवनाथ बन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में देश और महाराष्ट्र विकास की तेज़ दौड़ में आगे बढ़ रहा है। यही विकास एजेंडा मतदाताओं के सामने है।

बीएमसी चुनाव

# मनपा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक : कांग्रेस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय ने कहा कि मनपा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला पार्टी कार्यकर्ताओं की भावना के अनुरूप है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखा जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि क्षेत्रीय दलों का सीमित लक्ष्य होता है, जबकि कांग्रेस एक राष्ट्रीय दल है और महाराष्ट्र में इसकी जड़ें काफी गहरी हैं।

### नगर पंचायत व नगर परिषद में मिले अच्छे नतीजे

संपर्क में पांडेय ने बताया कि नगर पंचायत और नगर परिषद के चुनावों में कांग्रेस को अपेक्षा के अनुसार बेहतर परिणाम मिले हैं। हालांकि कुछ स्थानों पर नतीजे उम्मीद से कम रहे, इसके बावजूद कार्यकर्ताओं में उत्साह बना हुआ है। विपक्षी दलों की तुलना में कांग्रेस को सबसे ज्यादा जगहों पर जीत हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि मुंबई मनपा को लेकर पार्टी का निर्णय सही है और कार्यकर्ता इससे संतुष्ट हैं।



### 2027 यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारी

अविनाश पांडेय ने कहा कि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी ताकत दिखाएगी। उत्तर प्रदेश में 1 लाख 63 हजार बूथ कमेटियां तैयार हो गई हैं और पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम चल रहे हैं और जनवरी-फरवरी में पूरे राज्य में 20 रैलियों का आयोजन किया जाएगा। फिलहाल 403 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की योजना है।

### संगठन मजबूत करने के लिए बैठक और तैयारी

रविवार को पार्टी ने उत्तर भारतीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमें आगामी चुनावों को लेकर रणनीति तय की गई। मुंबई कांग्रेस में गुटबाजी के सवाल पर पांडेय ने कहा कि यह सभी दलों में पाया जाता है और भाजपा-शिवसेना (शिंदे) में भी गुटबाजी है।

### उत्तर भारतीयों के लिए 7 सूत्रीय घोषणा पत्र जारी

मालाड में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में कांग्रेस ने मुंबई के उत्तर भारतीयों को साधने के लिए सात सूत्रीय घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने रोजगार संरक्षण, भेदभाव से मुक्ति और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का वादा करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। घोषणा पत्र में 'हॉकर नीति' को प्रभावी बनाने और 'स्मार्ट वेंडिंग' पर विशेष जोर दिया गया है। पार्टी ने आश्वासन दिया है कि टाउन वेंडिंग कमेटी के चुनावों को पारदर्शी बनाया जाएगा और हर पात्र विक्रेता को डिजिटल लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों के लिए सीएनजी स्टेशनों की संख्या बढ़ाने और उनके लिए विशेष विश्राम केंद्र व मुफ्त स्वास्थ्य जांच कार्यशालाएं आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। उत्तर भारतीय समाज की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए घोषणा पत्र में छठ पूजा और दिवाली के लिए विशेष सुविधाओं की घोषणा की गई है। कांग्रेस ने वादा किया है कि रेलवे स्टेशनों के बाहर बड़े वेटिंग एरिया बनाए जाएंगे, जहां 10 से 50 रुपये के बीच किफायती भोजन की व्यवस्था होगी। साथ ही, समुद्र तटों पर स्थायी छठ घाट, विसर्जन कुंड और महिलाओं के लिए सुरक्षित चेंजिंग रूम के साथ लाइफगार्ड की स्थायी व्यवस्था की जाएगी। समाज की सांस्कृतिक जरूरतों के लिए एक भव्य 'प्रवासी भवन' बनाने की भी योजना है, जिसे सांस्कृतिक आयोजनों और शादियों के लिए रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा।

टीना डाबी विवाद

# छात्रों पर कार्रवाई से भड़की उद्धव ठाकरे की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राजस्थान कैडर की आईएएस अधिकारी टीना डाबी को लेकर उठे विवाद पर शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कॉलेज फीस बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जिला कलेक्टर को 'रील स्टार' कहने के आरोप में छात्र नेताओं को हिरासत में लिए जाने पर उन्होंने इसे अफसरशाही की असहिष्णुता करार दिया। सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखा कि



भारत में एक नौकरशाह के असहिष्णु होने का यह एक और उदाहरण है, जहां सत्ता के नशे में जवाबदेही से बचा जाता है।

### फीस वृद्धि विरोध बना सियासी मुद्दा

यह मामला राजस्थान के बाड़मेर जिले के मुल्तानमल भीखचंद छाजेड़ महिला कॉलेज का है, जहां फीस बढ़ोतरी के खिलाफ छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। एबीवीपी से जुड़े दो छात्र नेताओं को पुलिस ने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने का हवाला देते हुए हिरासत में लिया। छात्रों का आरोप है कि एक छात्र नेता द्वारा जिला कलेक्टर टीना डाबी को 'रील स्टार' कहे जाने के बाद ही यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के बाद कई छात्राएं कोतवाली थाने पहुंचीं और छात्र नेताओं की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गईं।

### कलेक्टर टीना डाबी ने आरोपों को किया खारिज

इस पूरे विवाद पर जिला कलेक्टर टीना डाबी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिरासत की कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई थी। उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार हुआ था और हालात बिगड़ने से रोकने के लिए पुलिस ने कदम उठाया। टीना डाबी ने स्पष्ट किया कि किसी भी छात्र नेता पर केस दर्ज नहीं किया गया और सभी को रिहा कर दिया गया।

# मुंबई में अंडों में भारी इजाफा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

व्यापारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में अंडों की कीमतें पिछले पखवाड़े में बढ़कर 98-100 रुपये प्रति दर्जन हो गई हैं। मुंबई एग्स एसोसिएशन के अनुसार, ठंडे मौसम में उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में मांग बढ़ने से शहर में अंडों की आपूर्ति में लगभग 15-20 प्रतिशत की गिरावट आई है। एमएमआर में दैनिक मांग लगभग 1.10 करोड़ अंडे है, जबकि आपूर्ति घटकर लगभग 85 लाख अंडे रह गई है, जिससे कीमतों में तेजी देखी जा रही है।

एमएमआर में पैकेटबंद अंडों की कीमतों में खुले अंडों की तुलना में अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। छह अंडों के पैकेट ब्रांड और गुणवत्ता के आधार पर 65 रुपये से 110 रुपये के बीच बिक रहे हैं। मुंबई से अंडे उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे उत्तरी राज्यों को भी भेजे जा रहे हैं, जिससे स्थानीय आपूर्ति पर दबाव बना है। यदि स्थिति इसी तरह बनी रहती है, तो शहर में अंडों की कीमतें 108 रुपये प्रति दर्जन तक पहुंच सकती हैं।

### दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति और जनवरी में राहत की उम्मीद



एमएमआर को अंडों की आपूर्ति मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र से होती है। मौसम के स्थिर होने पर आपूर्ति में सुधार होने की संभावना है। सानपाड़ा स्थित माफ़को बाजार के एक व्यापारी के अनुसार, अगले पखवाड़े में उपलब्धता सामान्य होने लगेगी और जनवरी से मौसम के अनुकूल होने पर मांग में कमी आने के कारण कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

# बीएमसी चुनावों के लिए 'वॉर रूम' और इलेक्शन ऑफिस लॉन्च

**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। 15 जनवरी 2026 को मतदान और 16 जनवरी को मतगणना होनी है। चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति को धार देते हुए मुंबई भाजपा के 'वॉर रूम' और 'इलेक्शन ऑफिस' का उद्घाटन किया है, जो पूरे चुनाव अभियान का कमांड सेंटर होगा। उद्घाटन समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, उपनगरीय संरक्षक मंत्री व आईटी मंत्री आशीष शेलार और मुंबई भाजपा अध्यक्ष विधायक अमित सातम प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित सातम ने कहा कि वॉर रूम डेटा एनालिसिस, फीडबैक संग्रह, सूचना विश्लेषण और मॉनिटरिंग का केंद्र रहेगा। वार्ड स्तर के कार्यकर्ताओं से लगातार फीडबैक लेकर उसे मैदान में सक्रिय कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह वॉर रूम मतगणना तक, करीब 25 दिनों तक पार्टी का कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बना रहेगा। इस दौरान मुंबई भाजपा चुनाव समन्वय समिति की अहम बैठक भी हुई, जिसमें केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल शामिल हुए।

### एमवीए पर निशाना, मुंबई में भाजपा की बड़ी जीत का दावा



अमित सातम ने हालिया नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में महाविकास आघाड़ी की हार का जिक्र करते हुए शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बेमेल गठबंधन के नतीजे अब सामने हैं और ये परिणाम जनता का भाजपा व महायुति के लिए आशीर्वाद हैं। सातम ने दावा किया कि मुंबई में 150 से अधिक भाजपा पार्षद चुने जाएंगे और बीएमसी में महायुति का मेयर बनेगा।

**पश्चिम रेलवे**

**ईओटी से संबंधित विविध कार्य**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कोच मरम्मत कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-13 **निविदा सूचना संख्या: PL-MnP-REPAIR-EOT, दिनांक 18/12/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम** एवं स्थान: लोअर परेल कार्यशाला में विभिन्न क्षमता के EOT क्रेनों की मरम्मत, री-कंडीशनिंग एवं परीक्षण (मैकेनिकल भाग)। **अनुमानित लागत:** 9,90,728.00/- **ईएमडी** (जमानत राशि): 19,800.00/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** 09.01.2026 को 12.00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि व समय:** 09.01.2026 को 12.30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in

0917

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**मलबा (MUCK) हटाने का कार्य**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण), मुंबई सेंट्रल (MMCT) **निविदा सूचना संख्या: BCT/25-26/283 दिनांक: 18.12.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** चर्चगेट-विरार खंड में जोगेश्वरी AT डंपिंग ग्राउंड से मलबा/कचरा हटाने तथा उसे रेलवे परिसर के बाहर निस्तारित करने का कार्य। **अनुमानित लागत:** 79,23,481.47 **अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD):** 1,58,500.00 **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** 16.01.2026 को 15:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि व समय:** 16.01.2026 को 15:30 बजे अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in

0921

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**ग्रीनको रेटिंग सिस्टम का पुनः प्रमाणीकरण**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कोच मरम्मत कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 13 **निविदा सूचना संख्या: CWS/PL/ME/EST/660701, दिनांक 19/12/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम एवं स्थान:** "पश्चिम रेलवे की लोअर परेल स्थित कोच मरम्मत कार्यशाला के ग्रीनको (GreenCo) रेटिंग सिस्टम का पुनः प्रमाणीकरण (Re-certification)" मात्रा: कार्य के दायरे (Scope of Work) के अनुसार **अनुमानित लागत:** 8,15,721.49/- **ईएमडी** (जमानत राशि): 16,400.00/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 16.01.2026 को 11:30 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 16.01.2026 को 12:00 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in


0919

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# 26 दिसंबर तक पानी की सप्लाई पर ब्रेक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की मेट्रो लाइन 7-ए परियोजना के तहत अपर वैतरणा मुख्य जल पाइपलाइन के एक हिस्से का मार्ग बदला गया है। 2400 मिमी व्यास की यह पाइपलाइन मुंबई की जल आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बदले गए हिस्से को पुनः जोड़ने का कार्य बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) द्वारा किया जाएगा।



### पांच दिन चलेगा मरम्मत का कार्य

बीएमसी प्रशासन के अनुसार पाइपलाइन का यह कार्य 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक रोजाना सुबह 1 बजे से किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मरम्मत और जोड़ाई का कार्य किया जाएगा, जिसके चलते कुछ क्षेत्रों में जल आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। इस कार्य का असर बीएमसी के दक्षिणी प्रभाग के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा। खास तौर पर भांडुप और विक्रोली इलाकों में पानी का दबाव कम रहेगा, जबकि जल आपूर्ति के समय में भी अस्थायी बदलाव किया जाएगा। नागरिकों को इन दिनों पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। बीएमसी के अनुसार भांडुप पश्चिम के क्वारी रोड, तेम्भी पाड़ा, कोंकण नगर, समर्थ नगर, भट्टी पाड़ा, उत्कर्ष नगर, श्रीरामपाड़ा, त्रिमूर्ति नगर, वाघोबावाड़ी सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में जल आपूर्ति पर अधिक असर पड़ने की संभावना है।

### नागरिकों से संयम और सहयोग की अपील

बीएमसी प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से पहले से आवश्यक मात्रा में पानी का भंडारण करने और मरम्मत अवधि के दौरान जल उपयोग में संयम बरतने की अपील की है। साथ ही स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनज़र अगले कुछ दिनों तक पीने के पानी को उबालकर और छानकर उपयोग करने की सलाह दी गई है।

# समय पर निदान से कम हो सकती हैं एचडीपी जटिलताएँ

**मुंबई।** मुंबई के कामा और अल्बलेस अस्पताल में किए गए छह महीने के अध्ययन में यह निष्कर्ष निकला है कि शीघ्र निदान, सख्त प्रसवपूर्व निगरानी और तृतीयक देखभाल केंद्रों में समय पर रेफरल से गर्भावस्था के उच्च रक्तचाप संबंधी विकारों (एचडीपी) से जुड़ी जटिलताओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अध्ययन में 30 गर्भवती महिलाओं की समीक्षा की गई, जिनमें अधिकांश 25-34 वर्ष आयु वर्ग की थीं और 40% पहली बार गर्भवती थीं। उच्च रक्तचाप, प्रीक्लेम्पसिया और एक्लेम्पसिया सबसे आम निदान के रूप में सामने आए। अध्ययन में यह पाया गया कि सीज़ेरियन सेक्शन की दर 86.7% थी, जो समय पर हस्तक्षेप की आवश्यकता को दर्शाती है। लगभग आधे मरीजों को 34-36 सप्ताह के बीच भर्ती किया गया।

# कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे अजित?

### सतेज पाटिल से फोन पर की बात

**मुंबई/पुणे।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़े फेरबदल के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के हवाले से खबर है कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), जो फिलहाल सत्ताधारी 'महायुति' का हिस्सा है। वो पुणे नगर निगम (पीएमसी) चुनावों के लिए विपक्षी कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अजित पवार ने कल रात वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतेज पाटिल को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान गठबंधन पर चर्चा का प्रस्ताव रखा। पाटिल ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पार्टी के भीतर चर्चा के बाद ही कोई फैसला लिया जा सकता है, क्योंकि कांग्रेस 165 सदस्यीय निकाय में सम्मानजनक हिस्सेदारी चाहती है। हालांकि, यह भी साफ है कि यह कदम अभी विचार के स्तर पर है और किसी औपचारिक सहमति तक नहीं पहुंचा है। बता दें, पुणे का निकाय चुनाव राज्य की राजनीति में काफी अहम माना जाता है।

### किन शर्तों पर बन सकती है बात?



कांग्रेस का रुख इस मामले में सतर्क दिख रहा है। पार्टी का मानना है कि पुणे नगर निगम की 165 सीटों में उसे कम हिस्सेदारी स्वीकार नहीं होगी। सूत्रों के अनुसार, महाविकास आघाड़ी के सीट शेयरिंग फॉर्मूले के तहत पुणे लोकसभा सीट कांग्रेस के हिस्से में आती है, ऐसे में पार्टी अपने जमीनी आधार को मजबूत करने के लिए निकाय चुनाव में अच्छी संख्या में सीटें चाहती है। कहा जा सकता है कि अगर कांग्रेस को हिस्सेदारी अच्छी मिलेगी तो इस शर्त पर बात बन सकती है।

### पुणे निकाय चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज

इस बीच यह भी सामने आया है कि भाजपा और एनसीपी (अजित गुट) पुणे नगर निगम चुनाव अलग-अलग लड़ेंगे। उधर, कांग्रेस अपने महाविकास आघाड़ी सहयोगियों यानी शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) के साथ भी तालमेल पर बातचीत कर रही है, जिससे साफ झलकती हुई तस्वीर अब धुंधली नजर आने लगी है। कुल मिलाकर, अजित पवार का कांग्रेस से संपर्क पुणे निकाय चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल का संकेत है, लेकिन गठबंधन की राह आसान नहीं दिखती। सीटों की संख्या, रणनीति और मौजूदा गठबंधनों की मजबूरियां इस फैसले को प्रभावित करेंगी। आने वाले दिनों में यह साफ होगा कि यह पहल सियासी शतरंज की चाल साबित होती है या महज एक असफल प्रयास।

# भाजपा ने बढ़ाई बूट पॉलिश वालों से नजदीकियां

**मुंबई।** मुंबई मनपा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग के लोगों से संपर्क बढ़ा रही है। लोकल ट्रेनों की भजन मंडलियों के बाद अब भाजपा ने रेलवे स्टेशनों पर बूट पॉलिश करने वालों से संवाद स्थापित किया है। सोमवार को दादर स्थित मुंबई भाजपा कार्यालय में बूट पॉलिश करने वालों का सम्मेलन आयोजित किया गया, जहां उनकी समस्याओं को सुना गया और समाधान का आश्वासन दिया गया। मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने कहा कि मनपा चुनाव घोषित होने और आचार संहिता लागू होने से पहले पार्टी सभी वर्गों के साथ संवाद कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क बढ़ा रहे हैं और यह सम्मेलन उसी अभियान की कड़ी है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर पार्टी अलग-अलग तरीकों से चुनाव प्रचार करेगी। इससे पहले शनिवार को भाजपा ने पंजीकृत रेलवे भजन मंडलियों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की थी।



### बूट पॉलिश करने वालों की समस्याओं पर चर्चा

भाजपा ने सोमवार को शहर के सैकड़ों बूट पॉलिश करने वालों को मुंबई भाजपा कार्यालय में आमंत्रित किया था। इस दौरान उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कई बूट पॉलिश करने वालों के पास सरकारी लाइसेंस नहीं होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है और कई बार कानूनी कार्रवाई भी झेलनी पड़ती है। भाजपा ने भरोसा दिलाया कि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

**पश्चिम रेलवे**

**विविध कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (WA), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंज़िल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 **निविदा सूचना संख्या BCT/25-26/284, दिनांक 18.12.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** उधना-उकाई सोंगध – श्रू स्लीपर नवीनीकरण (P) – 23.059 टीकेएम, ठेकेदार के PQRS पोर्टल द्वारा। (संयुक्त निविदा जिसमें सिग्नल एवं दूरसंचार (S&T) भाग शामिल है) – (R-2) **कार्य की अनुमानित लागत:** 5,72,45,494.29 **ईएमडी:** 4,36,200.00 **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 13.01.2026 को 15.00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 13.01.2026 को 15.30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in

0915

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडलीय रेल प्रबंधक (पश्चिम), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंज़िल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 **निविदा सूचना संख्या: BCT/25-26/285 दिनांक 19.12.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** (i) उधना-उकाई सोंगध सेक्शन – ADEN-व्यारा सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न आरयूबी (RUB) पर रिसाव, बहाव जल एवं जलभराव से बचाव हेतु एप्रोच वॉल, सड़कें, मिट्टी का कार्य, ग्राउटिंग आदि का कार्य। (ii) उधना-उकाई सोंगध सेक्शन – प्रमुख पुल संख्या 17, 52A, 26, 60, 63 एवं 70 पर टो वॉल, रिटर्न वॉल, बैलेस्ट वॉल, स्लैब, पियर एबटमेंट आदि का सुदृढ़ीकरण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 6,60,72,341.78 **ईएमडी (EMD):** 4,80,400.00 **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 13.01.2026 तक, 15:00 बजे **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 13.01.2026 को, 15:30 बजे अधिक जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

0918

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक,वाणिज्य विभाग, एनएफआर सेक्शन, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008**

कार्य: मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर (Non-Fare Revenue) माध्यमों के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन।

| नीलामी कैटलॉग संख्या | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-64 | 09-01-2026 को 15:00 बजे |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-PL-OH-456-25-1 (विज्ञापन – आउट ऑफ होम) | 01 मौजूदा होर्डिंग पर एडवर्टाइजमेंट दिखाने के लिए बल्क एडवर्टाइजमेंट राइट्स। (ऑफ नॉर्थ वेस्ट कॉर्नर की रिपेयरिंग/मजबूत करने सहित) | 1826 | 09-01-26 15:30:00 |
| | लोअर परेल रेलवे वर्कशॉप, नॉर्थ वेस्ट कॉर्नर पर स्थित 01 मौजूदा होर्डिंग पर विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु बल्क विज्ञापन अधिकार।संरचना क्षेत्रफल: 1600 वर्ग फुट 5 वर्षों के लिए (संरचना की मरम्मत/मजबूतीकरण सहित) | | | |
| 2 | ADVT-BCT-BDTS-OSN-212-25-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (नॉन-डिजिटल)) | बांद्रा टर्मिनस (BDTS) स्टेशन के लिए 3 साल के लिए बल्क एडवर्टाइजमेंट राइट्स। | 1096 | 09-01-26 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-DDR-OSN-339-25-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (नॉन-डिजिटल)) | दादर (DDR) स्टेशन प्लेटफॉर्म पर 3 साल के लिए बल्क एडवर्टाइजमेंट राइट्स। | 1096 | 09-01-26 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-BA-OSN-440-25-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (नॉन-डिजिटल)) | बांद्रा (BA) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज (FOBs) पर 3 साल के लिए बल्क एडवर्टाइजमेंट राइट्स। | 1096 | 09-01-26 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-CYR-OSN-442-25-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (नॉन-डिजिटल)) | चर्नी रोड (CYR) स्टेशन पर 3 साल के लिए बल्क एडवर्टाइजमेंट राइट्स। | 1096 | 09-01-26 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-DDR-OSN-443-25-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (नॉन-डिजिटल)) | दादर (DDR) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज (FOBs) पर 3 साल के लिए बल्क एडवर्टाइजमेंट राइट्स। | 1096 | 09-01-26 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-ADH-OSN-441-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | अंधेरी स्टेशन के अपर डेक पर सीटिंग अरेंजमेंट के साथ ग्लो लॉलीपॉप के लिए तीन साल के लिए बल्क एडवर्टाइजमेंट राइट्स। | 1096 | 09-01-26 16:30:00 |

**संपर्क विवरण: लैंडलाइन नंबर: 022-67644212 ई-मेल आईडी: acmadvtgbct@gmail.com**

**नोट:** भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध e-Auction Leasing Module देखें। लॉट-वार विवरण वहाँ उल्लिखित कैटलॉग के अंतर्गत उपलब्ध है।

0922

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly

संपादकीय

# जानलेवा आबोहवा

यह सच है कि जब भी देश में प्रदूषण की चर्चा होती है, तो सबसे पहले दिल्ली का नाम सामने आता है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर पहुंच चुकी दिल्ली आज केवल एक महानगर नहीं, बल्कि एक चेतावनी बन चुकी है। वायु गुणवत्ता सूचकांक का 450 के आसपास बने रहना सिर्फ दिल्लीवासियों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। हालांकि यह संकट केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई शहर भी गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, पटना, मुजफ्फरपुर, कानपुर जैसे शहरों में भी प्रदूषण आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहा है। सच यह है कि दिल्ली में प्रदूषण की तीव्रता अन्य शहरों की तुलना में कहीं अधिक है, लेकिन समस्या की प्रकृति पूरे देश में लगभग समान है। इसके बावजूद अब तक हमारे प्रयास तात्कालिक और संकट के समय तक सीमित रहे हैं। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण बढ़ने पर वाहनों के प्रवेश पर रोक, वर्क फ्रॉम होम, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध जैसे कई कदम उठाए हैं, लेकिन इनका असर सीमित ही रहा है। इससे साफ है कि समस्या इतनी गहरी है कि केवल अस्थायी उपायों से इसका समाधान संभव नहीं। इसी बीच चीन के दूतावास द्वारा दिल्ली के प्रदूषण नियंत्रण में मदद की पेशकश ने एक नई बहस को जन्म दिया है। चीनी दूतावास की ओर से साझा किए गए आंकड़े चौंकाने वाले हैं—जहां दिल्ली का एक्यूआई 447 दर्ज किया गया, वहीं बीजिंग का स्तर 67 बताया गया। यह वही बीजिंग है, जो कुछ वर्ष पहले तक सर्दियों में घने स्मॉग से ढका रहता था। निस्संदेह, भारत और चीन दोनों ही तेज़ शहरीकरण और औद्योगीकरण की चुनौतियों से जूझ रहे हैं, लेकिन चीन ने योजनाबद्ध और सख्त नीतियों के जरिए इस संकट पर काफी हद तक काबू पाया है। हालांकि साम्यवादी चीन और लोकतांत्रिक भारत के शासन तंत्र में मूलभूत अंतर है, फिर भी चीन के अनुभवों से सीख लेने में कोई हर्ज नहीं। चीन ने पिछले दो दशकों में आक्रामक तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया, वाहन उत्सर्जन मानकों को सख्ती से लागू किया और सड़कों पर वाहनों की संख्या कम करने के लिए लाइसेंस प्लेट लॉटरी और ऑड-ईवन जैसी व्यवस्थाएं लागू कीं। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर मेट्रो और बस नेटवर्क का विस्तार किया गया। इसके अलावा, बीजिंग और आसपास के क्षेत्रों से करीब तीन हजार भारी उद्योगों को हटाया गया। सिर्फ एक बड़ी स्टील कंपनी को हटाने से ही खतरनाक कणों में बीस प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई। कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों और उद्योगों पर रोक लगाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। निर्माण स्थलों पर धूल-रोधी जाल, पानी का छिड़काव, नियमित सफाई, किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए प्रोत्साहन राशि और प्रदूषण के चरम समय में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध जैसे कदम भी प्रभावी साबित हुए। साथ ही, बड़े पैमाने पर पौधारोपण को भी बढ़ावा दिया गया। बेशक, दिल्ली और बीजिंग की भौगोलिक परिस्थितियां एक जैसी नहीं हैं। दिल्ली एक लैंडलॉक्ड क्षेत्र है और इसके आसपास समुद्री हवाओं जैसी प्राकृतिक राहत उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद कुछ ठोस कदम अनिवार्य हैं। राजधानी के आसपास स्थित कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को चरणबद्ध तरीके से बंद करना, सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाना तथा औद्योगिक इकाइयों को दिल्ली की सीमा से बाहर स्थानांतरित करना अब टाला नहीं जा सकता। इसके लिए विशेष बजट और दीर्घकालिक योजना की जरूरत है। चिंता का विषय यह भी है कि दिल्ली की लगभग 300 किलोमीटर की परिधि में ग्यारह कोयला आधारित पावर प्लांट्स मौजूद हैं, जिन्हें प्रदूषण का बड़ा स्रोत माना जाता है। ऐसे में केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि कठोर फैसले और उनके सख्त क्रियान्वयन की आवश्यकता है। प्रदूषण से लड़ाई किसी एक मौसम या एक शहर की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की लड़ाई है। अब समय आ गया है कि तात्कालिक उपायों से आगे बढ़कर एक ठोस, दीर्घकालिक और राष्ट्रीय नीति बनाई जाए, ताकि सांस लेना किसी के लिए भी जोखिम न बने।

# सड़कों संग हरियाली, बिहार का भविष्य



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार,
साहित्यकार-स्तम्भकार



तेजी से बढ़ते शहरीकरण, यातायात के दबाव और वायु प्रदूषण की चुनौती के बीच बिहार में सड़क निर्माण को लेकर एक नई और दूरदर्शी सोच आकार ले रही है। राजधानी पटना से जुड़े नए स्टेट हाईवे के किनारे दोनों तरफ ग्रीन कॉरिडोर विकसित करने का लक्ष्य इसी सोच का प्रमाण है। यह पहल न केवल सड़कों को चौड़ा और सुरक्षित बनाने तक सीमित है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सुधार और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निर्माण विभाग द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत हर 100 किलोमीटर सड़क पर लगभग दो लाख पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें 30 प्रतिशत से अधिक फलदार वृक्ष होंगे, जबकि शेष 70 प्रतिशत विभिन्न प्रजातियों के छायादार और पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधों के होंगे। सड़कें लंबे समय से विकास की धुरी रही हैं। बेहतर सड़कें जहां यातायात को सुगम बनाती हैं, वहीं व्यापार, उद्योग और पर्यटन को भी गति देती हैं। लेकिन बीते वर्षों में यह भी स्पष्ट हुआ है कि अंधाधुंध सड़क निर्माण से पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पेड़ों की कटाई, धूल और वाहनों से निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण को बढ़ाता है, जिसका सीधा असर आम जन के स्वास्थ्य पर पड़ता है। ऐसे में स्टेट हाईवे के किनारे अनिवार्य प्लांटेशन और ग्रीन कॉरिडोर की अवधारणा एक संतुलित समाधान के रूप में सामने आई है, जिसमें विकास और पर्यावरण साथ-साथ चल सकें। इस योजना की एक खास बात यह है कि अब सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियों के साथ होने वाले एग्रीमेंट में ही प्लांटेशन को अनिवार्य शर्त के रूप में शामिल किया गया है। यानी सड़क बनने के साथ-साथ हरियाली भी सुनिश्चित होगी। इतना ही नहीं, पौधे लगाने के बाद उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी उसी एजेंसी की होगी। इससे पहले अक्सर देखा गया था कि पौधरोपण तो कर दिया जाता है, लेकिन उचित देखभाल के अभाव में अधिकांश पौधे कुछ ही समय में सूख जाते हैं। नई व्यवस्था में एजेंसियों को पौधों के जीवित रहने और उनके विकास की जिम्मेदारी उठानी होगी, जिससे ग्रीन कॉरिडोर वास्तव में टिकाऊ बन सके। प्रस्तावित ग्रीन कॉरिडोर में आम, पीपल, जामुन, कटहल, अमरूद, महुआ, अशोक, सागवान सहित 50 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। फलदार वृक्ष जहां पर्यावरण के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए आर्थिक और पोषण संबंधी लाभ भी लाएंगे, वहीं पीपल, नीम और अशोक जैसे वृक्ष वायु शुद्धिकरण और जैव विविधता के संरक्षण में अहम भूमिका निभाएंगे। अलग-अलग प्रजातियों के पौधों का चयन इस बात को ध्यान में रखकर किया गया है कि सड़क किनारे का इकोसिस्टम संतुलित रहे और पक्षियों, कीटों तथा अन्य जीवों को भी आश्रय मिल सके। पिछले अनुभवों से सीख लेना भी इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू है। फुलवारी एम्स से नौबतपुर होते हुए अरवल तक फोरलेन निर्माण के दौरान करीब 500 पेड़ काटे गए थे, जबकि 600 पेड़ों को अन्य स्थानों पर ट्रांसप्लांट किया गया। हालांकि, इसमें से लगभग 90 प्रतिशत पेड़ सूख गए, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि बिना वैज्ञानिक योजना और समुचित देखभाल के ट्रांसप्लांटेशन प्रभावी नहीं होता। इसके बाद फोरलेन के किनारे दोबारा पौधरोपण किया गया, ताकि हरित आवरण को फिर से विकसित किया जा सके। इसी तरह बिहटा-सरमेरा सड़क निर्माण में 1000 से अधिक पेड़ों का ट्रांसप्लांटेशन किया गया। इन अनुभवों ने यह सिखाया कि पेड़ बचाने के साथ-साथ नए पौधे लगाना और उनकी निरंतर निगरानी करना बेहद जरूरी है। सरकार ने 2030 तक बिहार के ग्रीन बेल्ट एरिया को 17.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे व्यापक पर्यावरणीय और सामाजिक लाभ जुड़े हुए हैं। बढ़ता ग्रीन कवर कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वातावरण में संतुलन बनाएगा, जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी। सड़क किनारे विकसित ग्रीन कॉरिडोर वाहनों से निकलने वाले प्रदूषक तत्वों को काफी हद तक रोकने में सक्षम होंगे, जिससे आसपास के इलाकों की हवा अपेक्षाकृत स्वच्छ रहेगी। वायु प्रदूषण कम होने का सीधा लाभ आम लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। सांस की बीमारियां, एलर्जी, आंखों में जलन और हृदय संबंधी समस्याएं आज शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं। हरियाली बढ़ने से न केवल हवा शुद्ध होगी, बल्कि तापमान संतुलन भी बेहतर होगा। गर्मी के दिनों में पेड़ों की छाया सड़कों के तापमान को कम करेगी, जिससे हीट आइलैंड प्रभाव में कमी आएगी। इससे यात्रियों और सड़क किनारे रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी। ग्रीन कॉरिडोर का एक और महत्वपूर्ण पहलू सड़क सुरक्षा से जुड़ा है। चौड़ी और सुव्यवस्थित सड़कें जहां जाम की समस्या को कम करती हैं, वहीं किनारे लगे पेड़ और हरित पट्टी सड़क की स्पष्ट पहचान बनाते हैं। इससे वाहन चालकों को दिशा और सीमा का बेहतर अंदाजा मिलता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सकती है। साथ ही, हरियाली से घिरी सड़कें मानसिक रूप से भी ड्राइवरों को शांत रखती हैं, जो सुरक्षित ड्राइविंग के लिए आवश्यक है। आर्थिक विकास की दृष्टि से भी यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है। बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी, जिससे किसानों को बेहतर दाम मिल सकेंगे। पर्यटन की दृष्टि से भी हरित और सुंदर सड़कें यात्रियों को आकर्षित करती हैं। यदि स्टेट हाईवे के किनारे हरियाली, छायादार पेड़ और स्थानीय फलों की उपलब्धता होगी, तो यह क्षेत्रीय पर्यटन के लिए एक नया अनुभव बन सकता है। जैव विविधता के संरक्षण में भी ग्रीन कॉरिडोर की भूमिका अहम होगी। सड़क किनारे लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के पौधे पक्षियों, तितलियों और छोटे जीवों के लिए प्राकृतिक आवास बनेंगे। इससे स्थानीय इकोसिस्टम मजबूत होगा और प्राकृतिक संतुलन बना रहेगा। आज जब तेजी से कंक्रीट का विस्तार हो रहा है, ऐसे में हरित पट्टियां प्रकृति के लिए जीवनरेखा का काम कर सकती हैं। इस पहल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे केवल पटना या कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित नहीं रखा गया है। यदि यह मॉडल सफल होता है, तो इसे बिहार के अन्य शहरों और स्टेट हाईवे पर भी लागू किया जा सकता है।

जीवन मंत्र

# अहंकार-विहीन प्रेम : सबसे बड़ा चमत्कार

सूफी संत ने परमात्मा से कहा, 'मुझे माफ करें। मैं आपसे कुछ भी मांग नहीं सकता, क्योंकि मुझे सचमुच किसी चीज की जरूरत नहीं है। आप उदार हैं, करुणावान हैं; मगर मेरे भीतर

एक सूफी रहस्यदर्शी हुआ करता था। वह कभी मस्जिद नहीं जाता था। उसने कभी परमात्मा का नाम तक नहीं लिया; लेकिन उसका होना ही प्रेम से, आनंद से, प्रार्थना से भरपूर था। परमात्मा स्वयं उस अजीब रहस्यदर्शी को लेकर उत्सुक हुए और उसके पास जाकर कहा, 'मैं तुमसे बहुत खुश हूं। तुम्हारे जैसे ही लोग होने चाहिए। मैं तुम्हें देखता रहा हूं और तुम्हारे प्रेम में पड़ गया हूं। तुम प्रार्थना बन गए। तुम इस दुनिया में मेरे सबूत हो कि मनुष्य का अस्तित्व बहुत ऊंचा है। हालांकि, तुम कभी तर्क नहीं करते, तुमने कभी मेरा नाम तक नहीं लिया। लोग फालतू के काम करते रहते हैं, मगर तुम जिए, तुमने प्रेम किया और तुम इतने आनंदमग्न हो कि तुम्हें किसी भाषा कि जरूरत नहीं रही; तुम्हारी उपस्थिति ही अस्तित्व का सबूत बन गई। मैं तुम्हें आशीष देना चाहता हूं। तुम कुछ भी मांग सकते हो।' सूफी संत ने परमात्मा से कहा, 'मुझे माफ करें। मैं आपसे कुछ भी मांग नहीं सकता, क्योंकि मुझे सचमुच किसी चीज की जरूरत नहीं है। आप उदार हैं, करुणावान हैं; मगर मेरे भीतर अतृप्ति का कोई कोना नहीं बचा। इसलिए आपको मुझे माफ करना होगा। मुझे आपसे कुछ नहीं चाहिए।' परमात्मा बोले, 'मुझे पता था कि तुम अपने लिए कुछ भी नहीं मांगोगे, मगर दूसरों के लिए तो मांग सकते हो? इस दुनिया में लाखों लोग हैं, जो दुखी और बीमार हैं। मैं तुम्हें शक्ति दे सकता हूं, ताकि तुम चमत्कार कर सको और लोगों के जीवन को बदल सको।' इस पर संत ने कहा, 'यदि आपका इतना आग्रह है, तो एक शर्त के साथ आपका यह उपहार स्वीकार कर सकता हूं।' परमात्मा ने पूछा, 'कैसी शर्त?' संत ने कहा, 'मुझे पता नहीं चलना चाहिए कि मेरे द्वारा क्या हो रहा है। यदि



मुझे पता चले कि मैंने ऐसा कर दिया या परमात्मा ने मुझे उपकरण की तरह चुना है, तो यह खतरनाक है, क्योंकि मैं आनंद से भरा हूं। मुझे फिर से 'मैं' की तरफ मत ले जाइए।' कहते हैं, परमात्मा ने उस सूफी संत से कहा, 'तुम अजीब ही नहीं, अद्वितीय हो। और ऐसा ही होगा। तुम्हें कभी पता नहीं चलेगा कि तुम्हारे आस-पास क्या घट रहा है? जहां कहीं भी तुम जाओगे, वहां चमत्कार होगा। न लाभार्थियों को पता चलेगा कि तुमने चमत्कार किए और न ही तुम्हें मालूम पडे़गा। मैं यह शर्त याद रखूंगा।'

जीवन ऊर्जा


चौधरी चरण सिंह : जन्म 23 दिसंबर 1902

देहावसान

चौधरी चरण सिंह भारत के 5वें प्रधानमंत्री थे। उनका जन्म 23 दिसंबर 1902 में हुआ था। उन्होंने 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 के बीच भारत के 5वें प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया। इतिहासकार और लोग समान रूप से उन्हें 'भारत के किसानों के चैंपियन' के रूप में संदर्भित करते हैं। उन्होंने अपनी आखरी सांस 29 मई, 1987 में ली थी।

# किसानों की दशा सुधरेगी तो देश सुधरेगा

असली भारत गांवों में रहता है। अगर देश को उठाना है, तो पुरुषार्थ करना होगा, हम सब को पुरुषार्थ करना होगा। मैं भी अपने आपको उसमें शामिल करता हूं, मेरे सहयोगी मिनिस्टरों को, सबको शामिल करता हूं, हमको अनवरत परिश्रम करना पड़ेगा, तब जाके देश की तरक्की होगी। राष्ट्र तभी संपन्न हो सकता है जब उसके ग्रामीण क्षेत्र का उन्नयन किया गया हो तथा ग्रामीण क्षेत्र की क्रय शक्ति अधिक हो। जब तक किसानों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होगी तब तक देश की प्रगति संभव नहीं है। किसानों की दशा सुधरेगी तो देश सुधरेगा। किसानों की क्रय शक्ति नहीं बढ़ती तब तक औद्योगिक उत्पादों की खपत भी संभव नहीं है। भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी, चाहे कोई भी लीडर आ जाए, चाहे कितना ही अच्छा प्रोग्राम चलाओ; वो देश तरक्की नहीं कर सकता। चौधरी का मतलब, जो हल की चऊँ को धरा पर चलाता है। हरिजन लोग, आदिवासी लोग, भूमिहीन लोग, बेरोजगार लोग या जिनके पास कम रोजगार है और अपने देश के 50% फीसदी किसान जिनके




पास केवल 1 हैक्टेयर से कम जमीन है; इन सबकी तरफ सरकार को विशेष ध्यान होगा। सभी पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों, कमजोर वर्गों, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जनजातियों को अपने अधिकतम विकास के लिए पूरी सुरक्षा एवं सहायता सुनिश्चित की जाएगी। किसान इस देश का मालिक है, परंतु वह अपनी ताकत को भूल बैठा है। देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# कबीरदास जी का भगवान पर विश्वास

एक बार कबीर जी ने साहूकार से एक सौ रूपए लिए और साधू संतों पर खर्च कर दिए और इकरार किया कि कुछ महीने के बाद सूद समेत दूँगा। महीने निकल गए पर पैसे नही दिए। वह साहूकार भी बड़ा बेदर्द था उसने काजी की कचहरी में अर्जी दे दी और डिगरी करवाकर कुर्की ले ली। कबीर जी के एक प्रेमी ने आकर बताया तो वह बड़े परेशान हुए। उन्होंने अपनी पत्नी लोई जी से कहा कि घर का सारा सामान पड़ोसियों के यहाँ पर रख दो, जिससे साहूकार उनको कुर्क ना करा सके और मैं चार दिन इधर-उधर चला जाता हूँ। जब रूपये होगें तो साहूकार को देकर उससे देरी के लिए क्षमा माँग लूँगा। लोई जी ने कहा स्वामी मुझे निश्चय है कि राम जी अपने भक्त की कभी कुर्की नहीं होने देंगे। आपको कहीं पर भी जाने की जरूरत नहीं है। कबीर जी ने अपनी पत्नी का निश्चय देखा फिर भी कहा लोई फिर भी मुझे कुछ दिन कहीं पर बिताने चाहिए। लोई जी स्वामी जी इसकी कोई जरूरत नहीं है इस काम को राम जी अपने आप ही सवारेंगे। लोई जी ने निश्चय के साथ कहा कबीर जी मुस्कराकर बोले प्यारी लोई यही तो तेरा गुरू रूप है। लोई जी ने कहा स्वामी जी गुरू बोलकर मेरे सिर पर भार ना चढ़ाओ। कबीर जी लोई जी इसमें भला सिर पर भार चढ़ाने वाली कौन सी बात है। जो उपदेश दे उसको गुरू मानना ही पड़ेगा। कबीर जी अपनी पत्नी के साथ बात करने में इतने मग्न हो गये कि वह साहूकार और कुर्की वाली बात ही भूल गये। रात हो गई परन्तु साहूकार नहीं आया। सोने से पहले कबीर जी ने फिर कहा लोई ऐसा लगता है कि साहूकार सबेरे पिआदे लेकर कूर्की करने आएगा। लोई जी ने दृढ़ता के साथ कहा स्वामी जी, जी नहीं बिल्कुल नहीं कतई नहीं कोई कूर्की नहीं होगी। परमात्मा जी उसे हमारे घर पर आने ही नहीं देंगे। कबीर जी लोई तूने मेरे रामजी से कुछ ज्यादा ही काम लेना शुरू कर दिया है। लोई जी स्वामी जब हम उनके बन गए हैं तो हमारे काम वह नहीं करेंगे तो कौन करेगा। तभी अचानक किसी ने दरवाजा खटखटाया। लोई जी ने उठकर दरवाजा खोला तो सामने साहूकार का मुंशी खड़ा हुआ था जो साहूकार की तरफ से तकाजा करने जाया करता था। लोई जी ने मूँशी से पूछा क्यों राम जी के भक्त। हमारी कुर्की करने आए हो। मुंशी नम्रता से कहा जी नहीं। माता जी आपकी कुर्की करने कोई नहीं आएगा। क्योंकि जब हम कल कचहरी से कुर्की लेने गए तो वहाँ पर एक सुन्दर मुखड़े वाला और रेशमी वस्त्र धारण करने वाला सेठ आया हुआ था। उसने हमसे पूछा कि कबीर जी से आपको कितने रुपये लेने हैं। साहूकार ने कहा कि 100 रूपये और सूद के 30 रूपये। उस सुंदर मुखड़े वाले सेठ ने एक थैली साहूकार के हवाले कर दी और कहने लगा कि इसमें पाँच सौ रूपये हैं यह कबीर जी के हैं और हमारे पास सालों से अमानत के तौर पर पड़े हुए हैं जितने तुम्हारे हैं आप ले लो और बाकी के कबीर जी के घर पर पहुँचा दो। साहूकार जी उनसे और बातचीत करना चाह रहे थे। परन्तु वह पता नहीं एकदम से कहाँ चले गये जैसे छूमँतर हो गए हों। यह कौतुक देखकर साहूकार पर बहुत प्रभाव पड़ा। वह समझ गया कि कबीर जी कोई ईश्वर बन्दे हैं और वह उनकी कुर्की करके गुनाह के भागी बनने जा रहे थे। साहूकार जी ने यह थैली आपके पास भेजी है। इसमें पूरे पाँच सौ रूपये हैं। साहूकार जी ने कहा है कि कबीर जी उनके रूपये भी धर्म के काम में लगा दें और उनका यह पाप बक्श दें। लोई जी ने कबीर जी से कहा स्वामी राम जी की भेजी हुई यह माया की थैली अन्दर उठाकर रखो। दोनों पति पत्नी अपने राम का गुणगान करते हुये थैली उठाकर अन्दर ले गए। उसी दिन कबीर जी के घर पर एक बहुत बड़ा भण्डारा हुआ, जिसमें वह सारी रकम खर्च कर दी गई।





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

शख्सियत

अहान पांडे

# तैयारी, अनुभव और अभिनय के संतुलन से उभरता नया चेहरा



अहान पांडे बॉलीवुड की उस नई पीढ़ी का चेहरा हैं, जो केवल पारिवारिक पहचान के सहारे नहीं बल्कि तैयारी, अनुभव और निरंतर मेहनत के दम पर अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही है। 23 दिसंबर 1997 को मुंबई, महाराष्ट्र में जन्मे अहान पांडे प्रतिष्ठित पांडे परिवार से आते हैं। वह अभिनेता चंकी पांडे के भतीजे और अभिनेत्री अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। उनके पिता आलोक उर्फ "चिक्की" पांडे एक सफल व्यवसायी और सामाजिक कार्यों से जुड़े व्यक्ति रहे हैं, जबकि उनकी मां डियान पांडे एक जानी-मानी वेलनेस कोच, लेखिका और स्वास्थ्य विशेषज्ञ हैं।

ऐसे परिवेश में पले-बढ़े अहान को बचपन से ही सिनेमा, कला और रचनात्मकता के करीब रहने का अवसर मिला। अहान की शुरुआती पढ़ाई मुंबई के ओबेरॉय इंटरनेशनल स्कूल में हुई, जहां उन्होंने न केवल अकादमिक शिक्षा हासिल की बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई। आगे चलकर उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से सिनेमाई कला और निर्माण में बीएफए की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने यह तय कर लिया था कि अभिनय में कदम रखने से पहले उन्हें फिल्म निर्माण की प्रक्रिया को जमीनी स्तर पर समझना है। यही वजह रही कि उन्होंने सीधे कैमरे के सामने आने के बजाय पहले पर्दे के पीछे काम करने का रास्ता चुना। वर्ष 2016 से अहान पांडे ने बॉलीवुड में सहायक निर्देशक के रूप में काम करना शुरू किया। इस दौरान उन्होंने 'फ्रीकी अली' और 'रॉक ऑन 2' जैसी फिल्मों में सेट पर काम करते हुए निर्देशन, पटकथा, कैमरा और कलाकारों के समन्वय की बारीकियां सीखीं। इसके बाद 2019 में आई महिला-केंद्रित और गंभीर विषय पर आधारित फिल्म 'मर्दानी 2' में सहायक निर्देशक के रूप में उनका अनुभव और गहरा हुआ। इन प्रोजेक्ट्स ने उन्हें यह समझ दी कि एक अभिनेता के रूप में कैमरे के सामने खड़े होने से पहले कहानी की आत्मा को समझना कितना जरूरी है। 2023 में नेटफ्लिक्स की चर्चित मिनीसीरीज़ 'द रेलवे मेन' में सहायक निर्देशक के रूप में काम करना अहान के करियर का अहम पड़ाव साबित हुआ। इस सीरीज़ में भोपाल गैस त्रासदी जैसे संवेदनशील विषय को दर्शाया गया था। आर. माधवन और केके मेनन जैसे अनुभवी कलाकारों के साथ काम करते हुए अहान ने न केवल पेशेवर अनुशासन सीखा, बल्कि यह भी जाना कि सिनेमा किस तरह समाज की स्मृति और संवेदनाओं से जुड़ता है। उन्होंने कई साक्षात्कारों में माना कि इस प्रोजेक्ट ने उन्हें भावनात्मक रूप से भी परिपक्व बनाया। अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले अहान पांडे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया के जरिए भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने डिजाइनर नंदिता मेहतानी के लिए रैंप वॉक किया और KOOVS जैसे फैशन ब्रांड्स के अभियानों का हिस्सा बने।

अपने विचार

हमारे लिए यह चौंकाने वाली बात है कि उत्तराखंड राज्य और उसके अधिकारी मूक दर्शक बनकर बैठे हैं, जबकि उनकी आँखों के सामने जंगल की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इसलिए हम खुद ही एक केस शुरू कर रहे हैं।'



-सूर्यकांत
CJI, सुप्रीम कोर्ट

राजद विधायकों के अंदर काफी बेचैनी है। राजद के सभी विधायक पार्टी नेतृत्व से खफा हैं। वे वहां से हटना चाहते हैं और हमारे संपर्क में हैं।



-नीरज कुमार
मुख्य प्रवक्ता, जेडीयू

नीतीश कुमार को ऐसा नहीं करना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने क्या किया और क्य नहीं किया यह उनका मामला है, मैं इस पर ज्यादा कुछ नहीं करना चाहता हूं। लेकिन जिस तरह से उन्होंने हिजाब खींच दिया वैसे नहीं करना चाहिए था।



-तेजप्रताप यादव
अध्यक्ष, जनशक्ति जनता दल

नीतीश कुमार अगर 20-25 वर्ष के लड़के होते और हिजाब खींचते तो सवाल उठता, लेकिन 74 वर्ष का बूढ़ा आदमी इस तरह से करे तो कोई गलत बात नहीं है। उसे अभिभावक की नजर से देखना चाहिए।



-जीतनराम मांझी
अध्यक्ष, हम पार्टी

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).


## ब्रीफ न्यूज़

### श्रीमद्भागवत कथा से संजीवनी कॉम्प्लेक्स भक्तिरस में सराबोर




ठाणे। शहर के संजीवनी कॉम्प्लेक्स में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जहां श्री वृंदावन धाम के पूज्य आचार्य स्वप्निल महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण कर भक्त भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र, रुक्मिणी विवाह और गोवर्धन पूजा जैसे प्रसंगों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के प्रथम दिवस भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ भाजपा युवा मोर्चा के ठाणे जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्रीधर जयवंत पाटिल ने नारियल फोड़कर किया। शोभायात्रा में काल्हेर की शान सुजीत मधुकर पाटिल (तात्या सेठ), समाजसेवक एवं उद्योगपति राकेश पाटिल सहित कई गणमान्य नागरिकों ने सहभाग लिया। इस अवसर पर सरपंच अश्लेषा पंकज तरे, पंकज तरे, धर्मवीर माथाडी अध्यक्ष, पूर्व सरपंच पुंडलिक भोकरे (काका), छत्रपति पाटिल, स्नेहा देवेंद्र पाटिल, विनोद मुकादम, एड समीर पाटिल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और आचार्य स्वप्निल महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य आयोजक श्री लड्डू गोपाल (ठाकुरजी स्वयं), आयोजक टीम चंद्रेश चौधरी, मुन्ना चौधरी, ओमकार निर्मल, रविशंकर मिश्रा तथा संयोजक टीम उत्तरभारतीय सकल हिंदू समाज, संजीवनी परिवार और काल्हेर ग्रामस्थ मंडल का विशेष योगदान रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहा।

### मध्य रेल वॉल कैलेंडर 2026 का विमोचन



**मुंबई।** महाप्रबंधक, मध्य रेल विवेक कुमार गुप्ता ने 22 दिसंबर 2025 को मध्य रेल वॉल कैलेंडर 2026 का विमोचन किया। इस वर्ष वॉल कैलेंडर का विषय "वंदे मातरम के 150 ऐतिहासिक वर्ष" रखा गया है, जिसका शीर्षक "गीत से आत्मा तक राष्ट्र को एकजुट करना" है। कैलेंडर के एक भाग में देवनागरी लिपि में संपूर्ण वंदे मातरम अंकित है, जबकि दूसरे भाग में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस का भव्य केंद्रीय गुंबद, उपनगरीय लोकल ट्रेन और वंदे भारत ट्रेन का चित्रण किया गया है, जो भारतीय रेलवे के निरंतर विकास और आधुनिक ट्रेन यात्रा की प्रगति को दर्शाता है। इस अवसर पर मध्य रेल के उप महाप्रबंधक के.के. मिश्रा तथा मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वप्नील डी. निला भी उपस्थित रहे।

# मीरा-भाईंदर में सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही

**केबल और पाइप लाइन लेन में मिट्टी और ढीली गिट्टी भरकर उसके ऊपर किया गया डामरीकरण**

डीबीडी संवाददाता । भाईंदर

मीरा-भाईंदर शहर में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आई है। मीरारोड क्षेत्र में सड़क के किनारे बनाई गई केबल और पाइप लाइन लेन में मिट्टी और ढीली गिट्टी भरकर उसके ऊपर सीधे डामरीकरण किया गया है। विशेषज्ञों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह का घटिया निर्माण कुछ ही समय में सड़क को फिर से जर्जर कर देगा।

### रामदेव पार्क से राहुल इंटरनेशनल स्कूल तक का निर्माण



मीरारोड के रामदेव पार्क इलाके में वुडलैंड होटल से राहुल इंटरनेशनल स्कूल तक सड़क के शेष हिस्से का सीमेंटीकरण हाल ही में पूरा किया गया है। इस दौरान सड़क खुदाई से निकले छोटे पत्थरों और मिट्टी को ही केबल-पाइप लाइन लेन में भरकर बिना उचित सफाई और मानक प्रक्रिया अपनाए डामरीकरण कर दिया गया। यह स्पष्ट रूप से नियमों के उल्लंघन की ओर संकेत करता है।

### स्थानीय नागरिकों की चिंता और मांग

स्थानीय निवासी रमाकांत सिंह ने बताया कि नीचे मिट्टी और ढीली गिट्टी होने के कारण यह डामरीकरण ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाएगा। पहली बारिश या भारी यातायात के दबाव में सड़क उखड़ जाएगी, जिससे नागरिकों को परेशानी और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाएगा। उन्होंने एमएमआरडीए के ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### प्रशासन और निगरानी पर उठ रहे सवाल

इस मामले की जानकारी तत्काल मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा और शहर अभियंता दीपक खांबित को दी गई। बावजूद इसके, आरोप है कि निर्माण कार्य को मौके पर रोका नहीं गया और डामरीकरण जारी रहा। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। शहर अभियंता खांबित ने कहा कि संबंधित सड़क निर्माण कार्य एमएमआरडीए द्वारा कराया जा रहा है और लापरवाही की जानकारी उन्हें दे दी गई है। स्थानीय नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता मांग कर रहे हैं कि पूरे निर्माण कार्य की स्वतंत्र गुणवत्ता जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदारों व अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, मानकों के अनुसार सड़क का दोबारा निर्माण कराकर जनता के पैसों की बर्बादी और भविष्य में होने वाली समस्याओं को रोका जाए।

# अंतिम चरण में दादर स्टेशन पर नया प्लेटफॉर्म

डीबीडी संवाददाता । मुंबई




दादर स्टेशन मध्य और पश्चिमी रेलवे का प्रमुख जंक्शन है, जहां से लोकल और मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों का बड़ा संचालन होता है। यात्रियों की बढ़ती संख्या और अतिरिक्त ट्रेनों को समायोजित करने के लिए पश्चिमी रेलवे पर एक नए प्लेटफॉर्म का निर्माण अंतिम चरण में है। इस प्लेटफॉर्म के शुरू होने के बाद दादर स्टेशन की क्षमता और संचालन में सुधार होने की उम्मीद है।

### नए प्लेटफॉर्म को '7A' नंबर देने की योजना

अब पश्चिमी रेलवे पर बन रहे नए प्लेटफॉर्म को लेकर नंबरिंग पर मंथन चल रहा है। यदि इसे '8' नंबर दिया गया, तो मध्य रेलवे के अन्य प्लेटफॉर्म नंबर बदलने पड़ेंगे, साथ ही बोर्ड और घोषणाओं में भी संशोधन करना होगा। इसी वजह से पश्चिमी रेलवे नए प्लेटफॉर्म को '7A' नंबर देने की योजना पर विचार कर रहा है। हालांकि रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस संबंध में अंतिम फैसला प्लेटफॉर्म का कार्य पूरा होने के बाद ही लिया जाएगा।

### प्लेटफॉर्म नंबरिंग से जुड़ी पुरानी समस्या

दादर स्टेशन से रोजाना करीब 5 से 6 लाख यात्री सफर करते हैं और यहां से लगभग 900 लोकल व लंबी दूरी की ट्रेनें चलती हैं। स्टेशन पर मध्य और पश्चिमी रेलवे के कुल 14 प्लेटफॉर्म हैं, लेकिन अलग-अलग डिवीजनों के कारण यात्रियों को अक्सर प्लेटफॉर्म नंबरों को लेकर भ्रम होता रहा है। इसी समस्या को देखते हुए दिसंबर 2023 में मध्य रेलवे के प्लेटफॉर्म नंबरों में बदलाव किया गया था, ताकि यात्रियों की असुविधा कम की जा सके।

# भरत जाधव एनसीपी अजीत पवार गुट के अध्यक्ष नियुक्त

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबईः

नवी मुंबई नगर निगम में भाजपा खाता खोलने वाले पहले पार्षद भरत जाधव को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार) का नवी मुंबई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पिछले कुछ महीनों से उन्होंने भाजपा से दूरी बनाई हुई थी। नामदेव भगत के शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होने के बाद खाली हुए इस पद पर जाधव की नियुक्ति हुई है। नवी मुंबई एनसीपी अजीत पवार समूह के अध्यक्ष नामदेव भगत के शिवसेना शिंदे समूह में शामिल होने के बाद भाजपा से दूरी बना चुके भरत जाधव को उनकी जगह अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। पहले पार्षद जाधव 2005 में भाजपा में शामिल हुए थे और बाद में वापस लौट आए। अब एनसीपी अजीत पवार समूह ने उन्हें खाली हुए अध्यक्ष पद को संभालने का अवसर दिया है।

### पार्टी में असंतोष और पुराने कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया



गणेश नाइक के जाने के बाद एनसीपी का दबदबा पहले जैसा नहीं रहा और पार्टी दो गुटों में बंटी हुई है। कई वफादार कार्यकर्ताओं ने पार्टी नहीं छोड़ी है, लेकिन जाधव की अध्यक्ष नियुक्ति को लेकर कुछ पुराने कार्यकर्ता असंतुष्ट हैं। कई लोगों का मानना है कि भगत के पद छोड़ने के बाद नए कार्यकर्ताओं को मौका मिलना चाहिए था, लेकिन जाधव की नियुक्ति ने कुछ कार्यकर्ताओं में नाराजगी पैदा की है।

# पश्चिम रेलवे के 11 कर्मचारी महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने सुरक्षित रेल परिचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 11 कर्मचारियों को मुंबई स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में सम्मानित किया। नवंबर 2025 के दौरान ड्यूटी के समय सतर्कता और समर्पण के चलते संभावित अप्रिय घटनाओं को रोकने में अहम भूमिका निभाने पर इन कर्मचारियों को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। सम्मानित कर्मचारी मुंबई सेंट्रल, वडोदरा, रतलाम, अहमदाबाद, राजकोट और भावनगर मंडलों से हैं।

### मुंबई सेंट्रल मंडल के 2 कर्मचारियों को मिला महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुंबई सेंट्रल मंडल के सुदाम पाटिल (फिटर) और राकेश अशोक घोडीचोर (गुड्स ट्रेन मैनेजर, वसई रोड) को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सभी पुरस्कार विजेता कर्मचारियों की सतर्कता की सराहना करते हुए उन्हें दूसरों के लिए अनुकरणीय आदर्श बताया।

### समय पर सतर्कता से टली संभावित घटनाएं

18 नवंबर 2025 को नियमित निरीक्षण के दौरान सुदाम पाटिल ने ब्रेक वैन के सेंटर पिवट में खराबी देखी और तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद संबंधित वैगन को अनुपयुक्त घोषित किया गया। वहीं, 10 नवंबर 2025 को राकेश अशोक घोडीचोर ने मालगाड़ी का चार्ज लेते समय ब्रेक पावर सर्टिफिकेट में खामी और कंटेनर लॉक में गड़बड़ी पाई। समय पर जांच और सूचना से संभावित अप्रिय घटना टल गई। पश्चिम रेलवे ने सभी कर्मचारियों की त्वरित सोच और सतर्कता की सराहना की है।

# बहुजन विकास आघाडी के वरिष्ठ पदाधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी में लिया प्रवेश

डीबीडी संवाददाता । विरार

बहुजन विकास आघाडी के प्रभाग क्रमांक १६ के पदाधिकारी निलेश चौधरी और उनके सहयोगियों ने आधिकारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में प्रवेश किया। इस अवसर पर उनके सहयोगी अमितभाई सिंग (गट प्रमुख, बहुजन विकास आघाडी), सुनीता दुबे (वार्ड अध्यक्ष, मोरेगाव), आरती पांडे (वार्ड अध्यक्ष, ओसवाल नगरी), दयाशंकर सिंग, शोभा खरात और निर्मला गुप्ता ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### भाजपा कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी



इस अवसर पर वसई-विरार भाजपा जिल्हाध्यक्ष प्रज्ञा पाटील, महामंत्री मनोज बारोट, जे.पी. सिंग, दिपाली योगेश जाट सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी के विकास और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने की शुभकामनाएं दीं।

### प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री फडणवीस के विकास कार्यों से प्रेरणा

निलेश चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यों में विश्वास और आदरणीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी के 'प्रगतीशील महाराष्ट्र' के विजन से प्रेरित होकर उन्होंने भाजपा का मार्ग चुना। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों के साथ मिलकर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं।

# सोलापुर डिवीजन के भिगवन गुड्स शेड से चीनी की लोडिंग शुरू

डीबीडी संवाददाता । सोलापुर

सेंट्रल रेलवे के सोलापुर डिवीजन ने माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए भिगवन गुड्स शेड में अपग्रेड किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। पुणे छोर की ओर होल्डिंग लाइन को माल ढुलाई ग्राहकों के लिए खोल दिया गया है, जिससे ट्रेन संचालन अधिक सुचारू और कुशल हो सकेगा और व्यापार करने में आसानी बढ़ेगी।

### लास्ट-माइल कनेक्टिविटी और सुविधाओं में बड़ा सुधार

भिगवन गुड्स शेड में लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए लगभग 18,000 वर्ग मीटर सर्कुलेटिंग एरिया का उन्नयन किया गया है, साथ ही 100 मीटर × 9 मीटर की मजबूत अप्रोच रोड विकसित की गई है। इन सुधारों से वाहनों की आवाजाही आसान होगी, भीड़ कम होगी और लोडिंग कार्यों में तेजी आएगी। इसके अलावा व्यापारियों के लिए कमरा, हमाल कक्ष और सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त रेलवे कार्यालय का निर्माण भी प्रगति पर है।

### चीनी लोडिंग शुरू, व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड के बाद भिगवन गुड्स शेड से चीनी की लोडिंग शुरू हो गई है। हावड़ा डिवीजन के डंकुनी (पश्चिम बंगाल) के लिए रेक लगाए गए हैं, जिससे महाराष्ट्र के चीनी उत्पादक क्षेत्रों और पूर्वी भारत के बाजारों के बीच मजबूत कनेक्टिविटी बनी है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक योगेश पाटिल ने व्यापारियों से नई सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इससे विश्वसनीय, किफायती और कुशल लॉजिस्टिक्स समाधान मिलेंगे और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

# अर्घ्य मराठी काव्य संग्रह का विमोचन एवं काव्य गोष्ठी सम्पन्न



**मुंबई।** सोमवार, 22 दिसंबर 2025 को मुंबई भाषा परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवा कवि उमेश चव्हाण द्वारा लिखित मराठी काव्य संग्रह 'अर्घ्य' का विमोचन प्रेस क्लब, मुंबई के सभागार में संपन्न हुआ। पुस्तक का विमोचन प्रवीण देशमुख, मनोहर मंडवाले, अलका पाण्डेय, डॉ. सुलभा कोरे, पवन तिवारी और रामकुमार के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम का संचालन युवा कवयित्री पल्लवी रानी ने किया, जबकि संस्था के सचिव रामकुमार ने लेखक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरिद्वार से पधारे ब्रह्मयोगी विकेश जी महाराज का सम्मान रचनाकार उमेश चव्हाण और रामकुमार द्वारा किया गया। पुस्तक की सराहना करते हुए प्रवीण देशमुख ने कहा कि लेखक के पास भाव और शब्दों का समृद्ध भंडार है। डॉ. सुलभा कोरे ने इसे प्रकृति और शिव से जुड़ी काव्य चेतना बताया। मनोहर मंडवाले ने पूरी पुस्तक पर चर्चा करते हुए कुछ कविताओं का पाठ भी किया, जबकि अलका पाण्डेय ने इसे हिंदी भाषा में प्रकाशित किए जाने की आवश्यकता जताई।अध्यक्षीय वक्तव्य में पवन तिवारी ने कहा कि 'अर्घ्य' पूजनीय व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाली कृति है, वहीं रामकुमार ने इसे भाषा, भाव और प्रकृति की सशक्त अभिव्यक्ति बताया। कार्यक्रम के अंत में मराठी और हिंदी कवियों ने काव्य पाठ किया।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

**वृष** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मिथुन** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**कर्क** कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह** कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है।

**कन्या** धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**तुला** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक** आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**धनु** भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा।

**मकर** आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दु:खद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी।

**कुंभ** पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। घर में तनाव रह सकता है।

**मीन** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें।

# शुक्र, विवाह, प्रेम, शिक्षा और समृद्धि का रहस्यमय मार्ग




प्रियंका जैन
9769994439

भारतीय ज्योतिष और परंपराओं में छोटी-सी इलायची को केवल मसाले के रूप में नहीं देखा गया, बल्कि इसे सौंदर्य, प्रेम, सुख, समृद्धि और विशेष रूप से शुक्र ग्रह से जुड़ा अत्यंत प्रभावशाली तत्व माना गया है। कहा जाता है कि शुक्र ग्रह व्यक्ति के जीवन में भोग-विलास, दांपत्य सुख, आकर्षण, वाहन, कला और ऐश्वर्य का कारक होता है। जब शुक्र कमजोर हो या प्रतिकूल फल दे रहा हो, तो जीवन में तनाव, वैवाहिक विलंब, प्रेम में दूरी, आर्थिक अस्थिरता और सौंदर्य से जुड़ी समस्याएं उभरने लगती हैं। ऐसे में शास्त्रों और लोक परंपराओं में बताए गए कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

यदि शुक्र ग्रह कमजोर हो या वाहन, वैवाहिक सुख अथवा मानसिक अशांति से जुड़े कष्ट दे रहा हो, तो जल और इलायची से जुड़ा स्नान प्रयोग अत्यंत लाभकारी माना जाता है। एक लोटा जल लेकर उसमें दो बड़ी इलायची डालकर तब तक उबालें, जब तक जल आधा न रह जाए। इस जल को अपने नहाने के पानी में मिलाकर स्नान करें। स्नान करते समय शरीर और मन दोनों की पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। मान्यता है कि यह प्रयोग शुक्र से जुड़ी नकारात्मक ऊर्जा को शांत करता है और वाहन संबंधी परेशानियों में भी राहत देता है।

विवाह में अनावश्यक विलंब जीवन में मानसिक दबाव और सामाजिक चिंता का कारण बन जाता है। यदि विवाह में बाधाएं आ रही हों, तो शुक्ल पक्ष के प्रथम गुरुवार को यह प्रयोग किया जाता है। इस दिन संध्या समय मंदिर जाकर दो हरी इलायची, पांच प्रकार की मिठाई, शुद्ध घी का दीपक और जल अर्पित किया जाता है। इसमें स्त्रियों को गुरुवार के दिन और पुरुषों को शुक्रवार के दिन यह प्रयोग करने की परंपरा बताई गई है। श्रद्धा और नियम के साथ किया गया यह उपाय विवाह के योगों को प्रबल करने में सहायक माना जाता है।

दांपत्य जीवन में प्रेम और सामंजस्य का कम होना आज के समय की एक आम समस्या बन गई है। यदि पति-पत्नी के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ने लगे या पति का पत्नी के प्रति प्रेम कम हो गया हो, तो यह उपाय विशेष रूप से उल्लेखनीय माना जाता है। शुक्रवार के दिन श्रीकृष्ण का स्मरण करते हुए तीन इलायची अपने शरीर से स्पर्श कर पल्लू या रुमाल में बांधकर अपने पास रखें। शनिवार की सुबह उन इलायचियों को पीसकर किसी भी व्यंजन में मिलाकर पति को खिलाएं। यह प्रयोग लगातार तीन शुक्रवार किया जाए तो सकारात्मक परिणाम मिलने की मान्यता है। कुछ परंपराओं में इसे रविवार को करने की भी अनुमति बताई गई है।

विद्या और शिक्षा में सफलता के लिए भी इलायची से जुड़ा एक विशेष प्रयोग बताया गया है। शुक्ल पक्ष के पहले बृहस्पतिवार को सूर्यास्त से ठीक आधा घंटा पहले बरगद के पत्ते पर पांच अलग-अलग प्रकार की मिठाइयां और दो छोटी इलायची रखकर पीपल के वृक्ष के नीचे श्रद्धापूर्वक अर्पित करें और अपनी शिक्षा में सफलता की कामना करें। इसके बाद घर लौटते समय पीछे मुड़कर न देखें। यह प्रयोग बिना क्रम तोड़े लगातार तीन बृहस्पतिवार किया जाए, तो अध्ययन में एकाग्रता और सफलता मिलने की मान्यता है।

दरिद्रता और धन की कमी मनुष्य को भीतर से कमजोर कर देती है। इसे दूर करने के लिए दान को सबसे श्रेष्ठ उपाय माना गया है। किसी गरीब, असहाय व्यक्ति या हिजड़ों को एक सिक्का दान करें और साथ में हरी इलायची खिलाएं। जब भी अवसर मिले, इस कार्य को करते रहें। यदि यह नियमित रूप से संभव न हो, तो एक सरल उपाय यह भी बताया गया है कि धन आकर्षण के लिए अपने पर्स में हमेशा पांच इलायची रखें। इसे धन वृद्धि और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक माना जाता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### विधान परिषद में पुरानी पेंशन को लेकर सपा ने पूछा सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के शीतकालीन सत्र में सोमवार को पुरानी पेंशन योजना को लेकर सियासी बहस देखने को मिली। समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग उठाई और इस संबंध में स्पष्ट रुख जानना चाहा। सपा के विधान परिषद सदस्य डॉ. मानसिंह ने प्रश्नकाल के दौरान सरकार से पूछा कि प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने पर क्या कोई निर्णय लिया गया है। इस पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल 2005 से नई पेंशन प्रणाली लागू है और फिलहाल इसमें किसी प्रकार के बदलाव का निर्णय नहीं लिया गया है। मंत्री ने सदन को बताया कि नई पेंशन योजना राज्य की वित्तीय स्थिति में संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के कर्मचारियों तथा आम नागरिकों के लिए दीर्घकालिक सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। सरकारी जवाब पर असंतोष जताते हुए समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों के लिए बुढ़ापे का सहारा होती है।

### मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार

**भदोही।** औराई पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने तड़के मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश समेत दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, रविवार भोर करीब तीन बजे नहर पुलिया क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक से जा रहे दो संदिग्ध युवकों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। पीछा किए जाने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद दोनों को काबू में कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रयागराज के फूलपुर निवासी शिवम भारतीय और थरवई के मोनू तिवारी के रूप में हुई है। शिवम पर 16 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह चाकूबाजी के मामले में वांछित था। पुलिस ने मौके से तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं।

### एटा में पकड़ी गई प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप

**एटा।** नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) आगरा और एटा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। थाना अलीगंज क्षेत्र के नकटई कला गांव में छापेमारी कर प्रतिबंधित कोडीन कफ सिरप के 47 कार्टून बरामद किए गए हैं। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सोमवार सुबह संयुक्त टीम ने गांव निवासी पंजाब सिंह के तंबाकू गोदाम पर छापा मारा। यहां से नारकोटिक्स श्रेणी में आने वाले कोडीन युक्त कफ सिरप 'ओनेरैक्स' के 47 कार्टून, जिनमें कुल 5,640 बोतलें थीं, बरामद की गईं। जब्त माल की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने प्रमोद कुमार, पंजाब सिंह यादव, जितेंद्र यादव और जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया।

# शीतसत्र में 24,497 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बुनियादी ढांचे और जनकल्याण पर दिया जोर

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 24,496.98 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट रखते हुए कहा कि इसका उद्देश्य विकास कार्यों की गति बनाए रखना, प्राथमिक क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करना और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025–26 के लिए राज्य का मूल बजट 8.08 लाख करोड़ रुपये से अधिक का था। अनुपूरक बजट मूल बजट का करीब 3.03 प्रतिशत है, जिसे जोड़ने के बाद राज्य का कुल बजट आकार बढ़कर 8.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। सरकार का फोकस विकासात्मक कार्यों को मजबूती देने और आर्थिक प्रगति को निरंतर बनाए रखने पर है। अनुपूरक बजट में 18,369 करोड़ रुपये का प्रावधान राजस्व व्यय के लिए और 6,127 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए किया गया है। सरकार का मानना है कि पूंजीगत निवेश बढ़ने से बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और दीर्घकालिक विकास को सहारा मिलेगा।



### उद्यम, ऊर्जा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता

बजट में औद्योगिक विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य और नगरीय सुविधाओं को प्रमुख प्राथमिकता दी गई है। औद्योगिक क्षेत्र के लिए 4,874 करोड़ रुपये, बिजली क्षेत्र के लिए 4,521 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए 3,500 करोड़ रुपये तथा नगर विकास के लिए 1,758.56 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 639.96 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

### महिला-बाल विकास को 535 करोड़ रुपये

इसके साथ ही सामाजिक और भविष्य से जुड़े क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। महिला एवं बाल विकास के लिए 535 करोड़ रुपये, नवीकरणीय और सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए यूपीनेडा को 500 करोड़ रुपये, मेडिकल शिक्षा के लिए 423.80 करोड़ रुपये तथा गन्ना एवं चीनी मिल क्षेत्र के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### सरकार ने किया वित्तीय अनुशासन का पालन

वित्त मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार ने वित्तीय अनुशासन का पूरी तरह पालन किया है और एफआरबीएम अधिनियम की सीमा के भीतर रहते हुए ही बजट प्रबंधन किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और राज्य अब राजस्व अधिशेष की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो प्रदेश की आर्थिक स्थिरता और विकास क्षमता को दर्शाता है। यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू होकर 24 दिसंबर तक चलेगा. इस सत्र के दौरान राज्य सरकार कई विधायी कार्यों को संपन्न कराएगी. इसके लिए मंगलवार को कैबिनेट बाय सर्कुलेशन से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

# UP में 15,189 करोड़ के निवेश को ग्रीन सिग्नल

- मिर्जापुर, हरदोई, बुलंदशहर, रायबरेली, सोनभद्र, मेरठ जैसे जिलों में स्थापित होंगी इकाइयां

**एजेंसी । नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश को औद्योगिक विकास की दिशा में अग्रसर करने के क्रम में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 15,189 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से जुड़ी 12 औद्योगिक इकाइयों को मंजूरी प्रदान की गई। इन प्रस्तावों के तहत मेगा और सुपर मेगा श्रेणी के उद्योग स्थापित किए जाएंगे, जिससे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। मंजूर किए गए निवेश प्रस्ताव मिर्जापुर, हरदोई, बुलंदशहर, रायबरेली, गौतमबुद्धनगर, सोनभद्र, मेरठ, मुजफ्फरनगर और अलीगढ़ जैसे जिलों में लागू होंगे। मंत्री परिषद की स्वीकृति के बाद संबंधित कंपनियों को शीघ्र ही लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जाएंगे।

**योगी सरकार ने निवेश को दी नई रफ्तार, 15,189 करोड़ के 12 औद्योगिक प्रस्तावों पर मुहर**



### इन इकाइयों की होगी स्थापना, बढ़ेगा रोजगार

स्वीकृत परियोजनाओं में मिर्जापुर में आयरन व स्टील प्लांट, बुलंदशहर में कोल्ड रोलिंग मिल, हरदोई में स्नैक्स निर्माण इकाई, रायबरेली में पेपर मिल, ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स और सर्किट बोर्ड प्लांट, सोनभद्र व अलीगढ़ में सीमेंट उत्पादन इकाइयां, मेरठ में सोलर मैन्युफैक्चरिंग पार्क तथा मुजफ्फरनगर में स्टील उद्योग

# भतीजे ने चाचा को गोलियों से किया छलनी

- सिर और सीने में की गई फायरिंग से मौके पर ही हो गई मौत
- 30 साल पुरानी रंजिश में हत्या के बाद भाग निकला हत्यारोपी

**एजेंसी । महोबा**

जिले के कबरई थाना क्षेत्र में पुरानी पारिवारिक रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। गांव गुगौरा में भतीजे ने अपने ही चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, जनपद मुख्यालय में परिवार के साथ रहने वाले 60 वर्षीय गुलाब सिंह परिहार रविवार को खेत की सिंचाई के लिए गांव पहुंचे थे। इसी दौरान उनका भतीजा मोनू सिंह वहां आ धमका और तमंचे से उन पर फायर कर दिया। सिर और सीने में गोली लगने से गुलाब सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। साक्ष्य संकलन के लिए फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम को लगाया गया है। वहीं, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि करीब 30 वर्ष पूर्व आरोपी के पिता की हत्या के मामले में मृतक का नाम सामने आया था, तभी से दोनों पक्षों के बीच रंजिश चली आ रही थी।



प्रारंभिक जांच में इसी पुरानी खुन्नस के चलते हत्या की बात सामने आई है। मृतक के पुत्र शिवम सिंह ने भतीजे पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी पहले भी उनके पिता की जान लेने का प्रयास कर चुका था। परिजनों ने यह भी आशंका जताई है कि पूरी घटना पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा हो सकती है, जिसमें परिवार के ही कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है।

# सरेराह युवक को मारी गोली, वाराणसी रेफर

**एजेंसी । जौनपुर**



उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर में चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार दोपहर एक युवक को सरेराह गोली मार दी गई। घायल युवक को इलाज के लिए वाराणसी के बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि यह घटना भीतरी रतनपुर मार्ग पर महुली ग्राम सभा के पास दोपहर करीब एक बजे हुई। घायल युवक की पहचान उमरवार गांव निवासी विशाल यादव (22) के रूप में हुई है। गोली उसके दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी है। विशाल के बड़े पिता विजय यादव ने आरोप लगाया है कि बेहड़ा निवासी राज सिंह ने विशाल को गोली मारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राजधानी में तीन दिन से नहीं दिखे सूर्यदेव, कांपे लोग

- पहाड़ी इलाकों में हो रहे हिमपात का दिख रहा असर

**एजेंसी । जौनपुर**

उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में शुरू हुई बर्फबारी का असर अब मैदानी इलाकों में साफ नजर आने लगा है। जम्मू-कश्मीर में पहली बर्फबारी के साथ ही उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हिमपात ने बिहार समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड की तीव्रता बढ़ा दी है। प्रदेश में लगातार तीसरे दिन धूप नहीं निकल सकी है। राजधानी पटना सहित कई जिलों में घना कोहरा और पछुआ हवाओं के चलते दिन में भी ठिठुरन महसूस की जा रही है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान के बीच अंतर सिमटने से शीतलहर का असर और गहरा गया है। मौसम विभाग ने गया, नालंदा, समस्तीपुर, मधुबनी और पटना सहित 18 जिलों के लिए अगले 24 घंटे के दौरान शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है।



### सीतामढ़ी, शिवहर में घना कोहरा

विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अगले 24 घंटों में गया, नालंदा, अरवल और जहानाबाद के कुछ इलाकों में शीत दिवस जैसी स्थिति बन सकती है। वहीं सीतामढ़ी और शिवहर में एक-दो स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। गया और जमुई जिलों में कक्षा पांच तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं, जबकि सारण जिले में कक्षा दस तक के विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र 23 दिसंबर तक बंद रहेंगे। हालांकि बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र सीमित समय के लिए खोले जाने की अनुमति दी गई है।

विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अगले 24 घंटों में गया, नालंदा, अरवल और जहानाबाद के कुछ इलाकों में शीत दिवस जैसी स्थिति बन सकती है। वहीं सीतामढ़ी और शिवहर में एक-दो स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है।

## व्यापार जगत

# भारत–न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता तय

## द्विपक्षीय आर्थिक रिश्तों को मिलेगी नई मजबूती: मंत्रालय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत और न्यूजीलैंड ने आपसी व्यापार एवं निवेश को नई दिशा देने वाले ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता पूरी होने की घोषणा कर दी है। दोनों देशों के बीच यह समझौता इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की आर्थिक भागीदारी को और सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह व्यापक और संतुलित एफटीए 'विकसित भारत–2047' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है। मंत्रालय ने बताया कि मई माह में शुरू हुई बातचीत को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है और अगले तीन महीनों में इस पर औपचारिक हस्ताक्षर होने की संभावना है। यह किसी विकसित देश के साथ भारत के सबसे तेज़ी से संपन्न हुए मुक्त व्यापार समझौतों में शामिल है।



### अगले पांच वर्ष में दोगुने व्यापार का लक्ष्य

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की मार्च 2025 की भारत यात्रा के दौरान शुरू हुई वार्ता को मात्र नौ महीनों में अंतिम रूप दिया जाना दोनों देशों की साझा राजनीतिक इच्छाशक्ति और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का प्रतीक है। इस समझौते से व्यापार, निवेश और बाजार पहुंच को बढ़ावा मिलने के साथ रणनीतिक सहयोग को भी नई गति मिलेगी।

### न्यूजीलैंड के 95 फीसद उत्पादों पर पूर्ण छूट

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि इस एफटीए के तहत भारत को निर्यात होने वाले न्यूजीलैंड के 95 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में कटौती या पूर्ण छूट मिलेगी। अनुमान है कि आने वाले वर्षों में न्यूजीलैंड से भारत को होने वाला वार्षिक निर्यात 1.1 अरब डॉलर से बढ़कर 1.3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

### रोजगार वीजा का अलग से कोटा निर्धारित

इसके साथ ही 5,000 भारतीय पेशेवरों के लिए अस्थायी रोजगार वीजा और 1,000 कार्य एवं अवकाश वीजा का अलग कोटा तय किया गया है। कृषि और विनिर्माण क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए सेब, कीवी और शहद जैसे उत्पादों के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने पर भी सहमति बनी है। आयुष, मत्स्य पालन, पर्यटन, वानिकी, बागवानी, संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों में सहयोग को भी समझौते का हिस्सा बनाया गया है। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2024–25 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

# इंडियन बैंक: करोड़ों के गबन का आरोपी बैंककर्मी गिरफ्तार

**एजेंसी । फिरोजाबाद**

इंडियन बैंक की जसराना शाखा में करोड़ों रुपये के गबन से जुड़े बहुचर्चित मामले में पुलिस को अहम सफलता मिली है। थाना जसराना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, यह मामला मार्च 2025 में सामने आया था, जब इंडियन बैंक के अंचल कार्यालय आगरा में तैनात अंचल प्रबंधक तरुण कुमार विश्नोई ने जसराना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि शाखा के पूर्व प्रबंधक राघवेंद्र सिंह और कैशियर जयप्रकाश सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कई खाताधारकों के खातों से करीब 1.86 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। मामले की जांच के बाद पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।



### बुलेट के साथ एसओजी ने दबोचा

इस प्रकरण में एक आरोपी सोमिल, निवासी तिलकापुर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज, गिरफ्तारी से बचता चल रहा था। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी के अनुसार, सोमवार को उसे औछा रोड स्थित बड़ा गांव पुल के पास से बुलेट मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे जेल भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि बैंकिंग प्रणाली में विश्वास बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 638 अंक चढ़ा

## निफ्टी 26 हजार के ऊपर, हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार ने मजबूती के साथ शुरुआत करते हुए तेजी की लय को कायम रखा। सोमवार को लगातार दूसरे सत्र में बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 638 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 26 हजार का अहम स्तर पार कर गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 638.12 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,567.48 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह सूचकांक एक समय 671.97 अंकों तक उछल गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 206 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 26,172.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, इंफोसिस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में सबसे ज्यादा मजबूती देखने को मिली। दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन के शेयर दबाव में रहे।



### एशियाई बाजारों में भी सकारात्मक रुख

एशियाई बाजारों में भी सकारात्मक रुख रहा। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्केई, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला कारोबार देखा गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड तेल 0.86 प्रतिशत चढ़कर 60.99 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि पिछले कारोबारी सत्र में भी बाजार में तेजी रही थी।

# नवंबर में आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि 1.8 प्रतिशत पर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश की बुनियादी औद्योगिक गतिविधियों से जुड़े आठ प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि दर नवंबर माह में 1.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। हालांकि यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के 5.8 प्रतिशत की तुलना में कम है, लेकिन मासिक आधार पर इसमें सुधार देखा गया है, जिसे अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में सीमेंट, इस्पात, कोयला और उर्वरक क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ा है। इसके विपरीत कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। मंत्रालय का कहना है कि अक्टूबर की तुलना में नवंबर में कुल मिलाकर स्थिति बेहतर रही है। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर माह में आठ प्रमुख उद्योगों का संयुक्त उत्पादन शून्य से नीचे 0.1 प्रतिशत तक फिसल गया था। ऐसे में नवंबर में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि को सुधार की दिशा में कदम माना जा रहा है।

# नई सीरीज में जारी होंगे GDP, IIP और महंगाई के आंकड़े

- प्रमुख आर्थिक संकेतकों की गणना के तरीके में होने जा रहा बदलाव

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश के प्रमुख आर्थिक संकेतकों की गणना के तरीके में अगले वर्ष से बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने खुदरा महंगाई, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार वर्ष में संशोधन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत फरवरी 2026 से महंगाई और जीडीपी के नए आंकड़े, जबकि मई से आईआईपी की नई सीरीज जारी की जाएगी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बताया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई), राष्ट्रीय लेखा और औद्योगिक उत्पादन से जुड़े आंकड़ों को अधिक समसामयिक और अर्थव्यवस्था की वास्तविक तस्वीर के अनुरूप बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।



मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य प्रस्तावित पद्धतिगत और संरचनात्मक बदलावों की जानकारी साझा करना और हितधारकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और उपयोगी बनाना है, ताकि नई सीरीज को समझने और अपनाने में उपयोगकर्ताओं को सुविधा मिल सके।

### भारत मंडपम में विशेष कार्यशाला आज

आधार वर्ष में बदलाव को लेकर सरकार संबंधित पक्षों से सुझाव लेने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुकी है। इसी क्रम में 23 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 26 नवंबर को मुंबई में पहली कार्यशाला आयोजित की जा चुकी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पाकिस्तान में सरकार के खिलाफ विपक्ष लामबंद, ब्लैक डे मनाने का ऐलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी हुक्मरानों के खिलाफ आवाम में नाराजगी है। यही वजह है कि विरोधी खेमा लामबंद हो सत्ता को चुनौती देने की तैयारी में है। इसकी तपिश महसूस की जाने लगी है। विपक्षी दलों के गठबंधन तहरीक तहफ़ुज आईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) ने मौजूदा सरकार की असफलताओं की फेहरिस्त बना घोषणा की है कि वो इस मनमानी का मिलकर जवाब देंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन (नेशनल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस) के बाद जारी घोषणा-पत्र में विपक्ष ने 8 फरवरी, 2026 को 'ब्लैक डे' मनाने का फैसला किया है, जो 2024 के आम चुनावों में कथित धांधली की दूसरी वर्षगांठ होगी। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

### मॉब लिंचिंग के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : विजयन

**तिरुअनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कथित मॉब लिंचिंग मामले में पीड़ित परिवार को न्याय और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। पलक्कड़ जिले में वालयार के कीजक्के अत्तापल्लम में बुधवार को मूलतः छत्तीसगढ़ निवासी रामनारायण को कुछ लोगों ने बुरी तरह पीटा था। लोगों को उस पर चोरी में शामिल होने का शक था। बाद में उसकी मौत हो गई। मामले में मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि घटना की जांच पुलिस की एक विशेष टीम कर रही है। कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### द वायर के अभिनेता जेम्स रैनसन ने आत्महत्या की

**लॉस एंजिलिस।** एचबीओ टीवी चैनल की प्रसिद्ध शृंखला 'द वायर' में जिगी सोबोटका की भूमिका निभाने वाले अभिनेता जेम्स रैनसन ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। वह 46 वर्ष के थे। रैनसन ने 'इट: चैप्टर टू', 'द ब्लैक फोन' और 'ब्लैक फोन 2' जैसी फिल्मों में काम किया था। इसके अलावा उन्होंने पुलिस ड्रामा बॉश और पोकर फेस जैसे टेलीविजन कार्यक्रमों में भी अभिनय किया था। इस मामले में टिप्पणी के लिए रैनसन के प्रतिनिधियों और चिकित्सकीय परीक्षक कार्यालय के प्रवक्ता को रविवार को संदेश भेजे गए थे, लेकिन फिलहाल उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला है।

# रेल का किराया बढ़ा | विपक्षी खेमा भड़का

## जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही सरकार: खरगे

एजेंसी । नई दिल्ली

रेल मंत्रालय ने रविवार को ट्रेन की टिकट के दाम को बढ़ाने का एलान किया, जिसके बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मोदी सरकार पर आम लोगों से लूट करने का आरोप लगाया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि सरकार ने एक साल में दूसरी बार रेल किराया बढ़ाया है और यह बढ़ोतरी केंद्रीय बजट से ठीक पहले की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में खरगे ने लिखा कि मोदी सरकार के दौर में रेलवे की हालत खराब हो गई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अलग रेलवे बजट खत्म होने से जवाबदेही भी खत्म हो गई है।



### क्या है मामला?

बता दें कि रेल मंत्रालय ने रविवार को ट्रेन टिकट के दाम बढ़ाने का एलान किया। नए नियमों के मुताबिक, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा पर प्रति किलोमीटर 1 पैसा बढ़ाया गया है। वहीं, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी क्लास और सभी ट्रेनों की एसी क्लास में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद से आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति बढ़ गई है।

### रेलवे की लगातार बिगड़ रही सुरक्षा व्यवस्था: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आगे आरोप लगाया कि सरकार प्रचार में ज्यादा और काम में कम ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे की सुरक्षा लगातार बिगड़ रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि 2014 से 2023 के बीच रेलवे हादसों में 2.18 लाख लोगों की मौत हुई है। इतना ही नहीं खरगे ने रेल सुरक्षा प्रणाली 'कवच' को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पांच साल से इसकी बातें हो रही हैं, लेकिन यह अब तक 3 प्रतिशत से भी कम रेल मार्गों और 1 प्रतिशत से कम इंजनों में ही लागू हो पाया है।

### रेलवे के खाली पदों का भी उठाया मुद्दा

इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने रेलवे में खाली पदों का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 3.16 लाख पद खाली पड़े हैं। युवाओं को स्थायी नौकरी नहीं मिल रही और ठेके पर भर्ती बढ़ रही है। खरगे ने यह भी आरोप लगाया कि रेलवे में प्रशिक्षण और मानव संसाधन विकास के लिए मिले फंड का पूरा इस्तेमाल नहीं किया गया। उनके मुताबिक, 2023-24 में सिर्फ 42 प्रतिशत और 2024-25 में दिसंबर तक 68 प्रतिशत फंड ही खर्च हुआ।

### लोको पायलटों के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा

उन्होंने लोको पायलटों को पर्याप्त आराम न मिलने और अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन विकास में देरी का भी जिक्र किया। खरगे ने कहा कि 453 स्टेशनों के लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 1 स्टेशन का ही उन्नयन हुआ है। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि रेलवे को 2,604 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों की रियायतें खत्म कर उनसे 8,913 करोड़ रुपये वसूले गए। खरगे ने वंदे भारत ट्रेनों की रफ्तार पर भी सवाल उठाए और कहा कि 160 किमी प्रति घंटे के दावे के बावजूद इनकी औसत रफ्तार सिर्फ 76 किमी प्रति घंटे है।

## पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ने खुद को मारी गोली



**पटियाला।** पंजाब के पूर्व IPS अधिकारी और राज्य के आईजी रह चुके अमर सिंह चहल ने अपने आवास और खुद को गोली मारकर खुदकुशी की कोशिश की है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पूर्व अमर सिंह चहल ने कथित तौर पर सोमवार को खुद को गोली मार ली। हालांकि अब तक यह जानकारी सामने नहीं है कि चहल ने किन परिस्थितियों में खुद को गोली मारी। हालांकि घटनास्थल से एक नोट बरामद किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वरुण शर्मा ने बताया कि चहल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हमें गोली चलने की सूचना मिली, जिसके बस पुलिस की कई टीमें उनके आवास पर पहुंचीं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सुसाइड नोट में क्या?

पुलिस के मुताबिक घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसके मुताबिक चहल किसी वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुए थे। पुलिस ने इसे अपने संज्ञान में ले लिया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### कोटकपूरा गोलीबारी के आरोपी हैं पूर्व IG

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि रिटायर्ड पुलिस महानिरीक्षक अमर सिंह चहल फरीदकोट में 2015 के बेहबल कलां और कोटकपूरा गोलीबारी मामलों के आरोपियों में से एक हैं। फरवरी 2023 में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एल के यादव के नेतृत्व वाली एक SIT ने फरीदकोट की एक अदालत में पंजाब के कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जिनमें अमर सिंह चहल का नाम भी शामिल था।

## उपग्रह को कक्षा में स्थापित नहीं कर सका जापान का H3 रॉकेट

**तनेगाशिमा।** जापान का H3 रॉकेट नेविगेशन सैटेलाइट को तय ऑर्बिट में भेजने में नाकाम रहा। यह देश के नए फ्लैगशिप रॉकेट और उसके स्पेस लॉन्च प्रोग्राम के लिए एक झटका है। जापान के नए फ्लैगशिप रॉकेट के लिए के लिए यह दूसरी नाकामी है। 2023 में पहली बार उड़ान में गड़बड़ी के बाद यह छह सफल उड़ान भर चुका है। जापानी अंतरिक्ष अन्वेषण अभिकरण (JAXA) ने कहा कि मिचिबिकी 5 सैटेलाइट ले जाने वाला H3 रॉकेट सोमवार को जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप पर तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से लॉन्च हुआ। यह जापान की अपनी सटीक लोकेशन पोजिशनिंग सिस्टम बनाने की योजनाओं का हिस्सा था।




### अमेरिकी निर्भरता खत्म करने की योजना को झटका

यह नाकामी जापान के नए फ्लैगशिप के लिए एक झटका है। H3 ने पहले के मुख्य H-2A की जगह ली थी, जिसका सफलता का रिकॉर्ड काफी अच्छा था। यह जापान की सैटेलाइट लॉन्च योजनाओं में भी देरी करता है, जिसमें स्मार्टफोन, समुद्री नेविगेशन और ड्रोन के लिए अमेरिकी GPS सिस्टम पर निर्भर हुए बिना एक ज़्यादा स्वतंत्र जियोलोकेशन सिस्टम बनाने की योजना शामिल है। मार्च 2023 में अपनी पहली उड़ान में, H3 दूसरे स्टेज के इंजन को चालू करने में असफल हो गया था। जापान के पास अभी क्वासी-जेनिथ सैटेलाइट सिस्टम, या QZSS है, जिसमें एक रीजनल नेविगेशन सिस्टम के लिए पांच सैटेलाइट हैं। जो पहली बार 2018 में शुरू हुआ था।

## सज्जन कुमार के खिलाफ फैसला सुरक्षित

### 22 जनवरी को आएगा निर्णय

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने इस मामले में निर्णय सुनाने के लिए 22 जनवरी का दिन तय किया है। यह मामला जनकपुरी और विकासपुरी थानों में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है। जनकपुरी मामले में एक नवंबर 1984 को दो सिखों सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या का आरोप है, जबकि विकासपुरी मामला दो नवंबर 1984 को गुरचरण सिंह को जिंदा जलाने की घटना से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह की अदालत ने आरोपी पक्ष और अभियोजन पक्ष की अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, इसी वर्ष सात जुलाई को अपने बयान के दौरान सज्जन कुमार ने सभी आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने कहा था कि दंगों के समय वह घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे और उन्हें झूठा फंसाया गया है।



## बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर बीजेपी का प्रदर्शन

एजेंसी । कोलकाता

बांग्लादेश में जारी हिंसा और अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे अत्याचार की खबरों ने भारत की राजनीति में गर्माहट तेज कर दी है। इसका बड़ा असर सोमवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में देखने को मिला। जहां भाजपा नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश में दिपु चंद्र दास की हत्या के विरोध में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में दास को जिंदा जलाया गया और बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी गई, ऐसा हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि 24 दिसंबर को सीमा पर एक घंटे का विरोध होगा और 26 दिसंबर को बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर फिर प्रदर्शन किया जाएगा। सुभेंदु अधिकारी ने आगे बांग्लादेशी सरकार को चेतावनी दी कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में हो रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एसआईआर के खिलाफ टीएमसी लगातार विरोध कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार अल्पसंख्यक वोटों के लिए फिर से भेदभावपूर्ण राजनीति कर रही है।



## लूथरा बंधुओं की पुलिस हिरासत पांच दिन बढ़ी

### गोवा अग्निकांड

**पणजी।** गोवा की एक अदालत ने सोमवार को सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा की पुलिस हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी। दोनों भाई बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक हैं। यहां छह दिसंबर को भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे और 17 दिसंबर को उन्हें वहां से वापस भेज दिया गया था। पीड़ितों के परिवार का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता विष्णु जोशी ने बताया कि अदालत ने सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा की पुलिस हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी है। जोशी ने बताया कि अदालत ने क्लब के मालिकों में शामिल अजय गुप्ता को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है क्योंकि पुलिस ने उसकी हिरासत बढ़ाने का अनुरोध नहीं किया।



### खोसला के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस की तैयारी

अंजुना पुलिस ने लूथरा बंधुओं के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और अन्य अपराधों के लिए मामला दर्ज किया है। मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने ब्रिटिश नागरिक सुरिंदर कुमार खोसला के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। खोसला ब्रिटेन भाग गया है।

## पुरुषोत्तमदास पुरोहित के डाक टिकट एलबम सांसद पी. पी. चौधरी को भेंट

**पाली।** बसंत गांव के भामाशाह और आदर्श होटल ग्रुप, मुंबई के संस्थापक स्व. पुरुषोत्तमदास एच. पुरोहित के उल्लेखनीय सामाजिक और सेवा कार्यों के सम्मान में भारत सरकार द्वारा उनके नाम का डाक टिकट जारी किया गया है। यह पाली जिले का पहला डाक टिकट है। इस डाक टिकट का वीआईपी एलबम पुरुषोत्तमदास पुरोहित के पुत्र घनश्याम पुरोहित और जगदीश पुरोहित ने पाली के सांसद पी. पी. चौधरी को उनके कार्यालय में भेंट किया।



### प्रवासियों का देश की प्रगति में अहम योगदान: पी. पी. चौधरी

इस अवसर पर सांसद पी. पी. चौधरी ने कहा कि भारत की प्रगति में प्रवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और समाज के उत्थान में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने पी.एच. पुरोहित (रावतसिंह) चैरिटेबल ट्रस्ट और आदर्श होटल मुंबई द्वारा स्थापित स्व. सरोजदेवी पुरुषोत्तमदास पुरोहित राजकीय आरोग्य केंद्र, बसंत के कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में इसके विस्तार की संभावनाएं भी जताईं।

### परिवार ने दोहराया समाज सेवा का संकल्प

घनश्याम पुरोहित और जगदीश पुरोहित ने कहा कि उनका परिवार पिताश्री द्वारा दिखाए गए सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और डाक टिकट का जारी होना पूरे परिवार के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर पंचायत समिति सुमेरपुर के प्रधान पृथ्वीराज पुरोहित, आदर्श परिवार के विनोदकुमार तथा शिवसेना (शिंदे) के राजस्थानी विभाग के अध्यक्ष दिलीप राजपुरोहित सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## चार राज्य-एक केंद्र शासित प्रदेश की मसौदा मतदाता सूची होगी जारी

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग मंगलवार को केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित करने जा रहा है। यह कदम 2026 में प्रस्तावित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनावी प्रक्रिया की तैयारियों में एक अहम चरण माना जा रहा है।



### पारदर्शिता और ऑनलाइन सुविधा

आयोग ने मतदाता सूची की पारदर्शिता और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ड्राफ्ट सूची को सीईओ और डीईओ की आधिकारिक वेबसाइटों पर भी अपलोड करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूचियां भी संबंधित वेबसाइटों पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

### राजनीतिक दलों के लिए साझा प्रक्रिया

निर्वाचन आयोग के अनुसार, तैयार ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल्स को मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के माध्यम से सभी मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाएगा। राजनीतिक दल तय समय में आपत्तियां, सुझाव और एतराज दर्ज करा सकेंगे। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि मतदाता सूची की हार्ड कॉपी सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए।

### दावा-आपत्ति और अंतिम मतदाता सूची

ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद दावा-आपत्ति प्रक्रिया शुरू होगी। इस चरण में चुनावी पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा नोटिस जारी करना, सुनवाई करना और दावों व आपत्तियों का निपटारा करना शामिल है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि वास्तविक और योग्य मतदाताओं को इस अवधि में जोड़ा जा सकता है और किसी भी नाम को उचित प्रक्रिया के बिना नहीं हटाया जाएगा। सभी दावे-आपत्तियों का निपटारा होने के बाद अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

## चमत्कार | इको सैंक्चुअरी के स्टाफ हैरान, पक्षियों की यह प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है

# बांझ समझे जाने वाले दुर्लभ ताकाहे जोड़े से चूजा पैदा हुआ

एजेंसी । वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के दुर्लभ पक्षी ताकाहे के एक जोड़े ने चूजों को जन्म दिया है। हैरान करनेवाली बात है कि इस जोड़े को बांझ माना जाता था, यानी विशेषज्ञों का मानना था कि यह जोड़ा कभी बच्चा पैदा नहीं कर पाएगा। अब इसे कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। ये जोड़ा वेलिंगटन के 'ज़ीलैंडिया' ईको-पार्क में रहता था। इनके नाम'बेंडिगो' और 'वाइटा' हैं।



### नवंबर 2025 में पैदा हुआ था यह नन्हा चूजा

यह नन्हा चूजा असल में नवंबर 2025 में पैदा हुआ था। लेकिन वह बहुत कीमती और दुर्लभ है, इसलिए उसकी सुरक्षा के लिए अधिकारियों ने एक महीने तक इस बात को सबसे छुपा कर रखा। अब जब वह 7 हफ्ते का है और पूरी तरह स्वस्थ है, तब इसकी जानकारी दुनिया को दी गई है।

### दो साल पहले आए थे चूजे के पिता बेंडिगो और मां वाइटा

दो साल पहले एक गैर-प्रजनन जोड़े के रूप में सैंक्चुअरी में आए थे। 2024 में घोंसला बनाने की असफल कोशिश के बाद, कर्मचारियों को उम्मीद नहीं थी कि यह जोड़ा प्रजनन करेगा। अक्तूबर में, वाइटा गायब हो गई – यह एक संकेत था कि वह घोंसला बना रही होगी। कुछ हफ्ते बाद कर्मचारियों ने झाड़ियों के घने हिस्से में चहचहाने की आवाज सुनी और ट्रेल कैमरा लगाया। इसके फुटेज ने चूजे के अस्तित्व की पुष्टि की। जीलैंडिया की कंजर्वेशन और रेस्टोरेशन मैनेजर जो लेडिंगटन ने कहा कि यह एक चमत्कार है, हमें इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी।

### ताकाहे: एक अनोखा पक्षी

ताकाहे दिखने में बड़ा, गोल-मटोल पक्षी है जो उड़ नहीं सकता। इसके पैर लाल और पंख नीले-हरे रंग के होते हैं। एक समय था जब माना जाता था कि यह पक्षी दुनिया से खत्म हो चुका है, लेकिन 1948 में इसे फिर से खोजा गया। पूरी दुनिया में अब केवल 500 ताकाहे ही बचे हैं, इसलिए हर एक चूजा बहुत कीमती है। वे साल में सिर्फ एक बार प्रजनन करते हैं।

## चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध

**सिलवासा।** जनहित, पशु कल्याण और पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दादरा एवं नगर हवेली प्रशासन ने चाइनीज मांझे (सिंथेटिक पतंग डोर) के उपयोग, बिक्री, भंडारण, परिवहन और आपूर्ति पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश में कहा गया है कि नायलॉन, प्लास्टिक या धातु-लेपित सिंथेटिक मांझा दोपहिया वाहन चालकों समेत आम नागरिकों के लिए गंभीर खतरा बन रहा है, जिससे पक्षियों और पशुओं को भी भारी नुकसान हो रहा है, जबकि इसकी नॉन-बायोडिग्रेडेबल प्रकृति पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है।


मनपा चुनाव 2025

# इलेक्शन एक्सप्रेस

मनपा चुनाव

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई
मंगलवार, 23 दिसंबर 2025





## कोने-कोने से...

### डोंबिवली की पूर्व नगरसेविका भाजपा में शामिल



**डोंबिवली।** 15 तारीख को होने वाले मतदान से पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को डोंबिवली में बड़ा झटका लगा है। पार्टी की पूर्व नगरसेविका मंदा पाटिल ने मनसे से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। मंदा पाटिल का भाजपा में प्रवेश प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की मौजूदगी में हुआ। उनके इस कदम को चुनावी दृष्टि से अहम माना जा रहा है, क्योंकि डोंबिवली में उनकी स्थानीय पकड़ और संगठनात्मक अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि पार्टी छोड़ने से महज दो दिन पहले ही मंदा पाटिल ने मनसे संगठन में हाल ही में की गई नियुक्तियों को लेकर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जताई थी। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं पर आरोप लगाया था कि पार्टी में वर्षों से काम कर रहे कार्यकर्ताओं और पूर्व पदाधिकारियों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। पाटिल ने यह भी कहा था कि संगठनात्मक फैसलों में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं की अनदेखी से असंतोष बढ़ रहा है।

### वोटर लिस्ट में बड़ा फर्जीवाड़ा, एक पिता के नाम पर 268 वोटर



**पनवेल।** पनवेल मनपा की वोटर लिस्ट में वार्ड नंबर 2 की वोटर लिस्ट से एक चौंकाने वाली गड़बड़ी सामने आई है। एक ही पिता के नाम पर 268 बच्चों का नाम रजिस्टर्ड पाया गया। आरोप है कि यह सिर्फ एक तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि एक गंभीर घोटाला है। इस मामले में शेतकरी कामगार पार्टी के पूर्व नगरसेवक अरविंद म्हात्रे ने सीधे मुंबई हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अरविंद म्हात्रे की फाइल की गई याचिका में कहा गया है कि संबंधित वोटर लिस्ट में 268 नाम ज्यादातर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के युवाओं के हैं। हालांकि वे सभी असल में पनवेल में नहीं रहते हैं, लेकिन उन्हें एका ही पते पर वोटर के तौर पर रजिस्टर्ड किया गया है। म्हात्रे ने कहा कि एक ही पिता के नाम पर इतनी बड़ी संख्या में एंट्री मिलना डेमोक्रेटिक प्रोसेस पर ही सवाल खड़े करता है।

### नवी मुंबई में महायुति को जीत का भरोसा

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई में शिवसेना की ताकत बढ़ रही है। इसलिए लापरवाह होने के बजाय, सभी को एक दिल से काम करना चाहिए और नवी मुंबई मनपा पर महायुति का भगवा झंडा लहराना चाहिए। यह बात उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कही। वे नवी मुंबई में आयोजित शिवसेना पदाधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। इस मौके पर सांसद नरेश म्हस्के, नवी मुंबई मनपा के पूर्व नेता विपक्ष विजय चौगुले, उपनेता विजय नाहटा, जिला प्रमुख द्वारकानाथ भोईर, जिला प्रमुख किशोर पाटकर, अंकुश कदम समेत शिवसेना पदाधिकारी, महिला आघाडी, युवा सेना के पदाधिकारी, नगरसेवक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। उक्त सभा में शिवसेना (उबाठा), एनसीपी पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) और दूसरी कई पार्टियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल हुए।

## जेन जी



हमारी मांग बहुत बड़ी नहीं है-बस इतना चाहिए कि महानगरपालिका हमें नौकरी के मौके और ऐसा शहर दे, जहां बेहतर ट्रांसपोर्ट और सुरक्षित सड़कें हो।

– अभय गुप्ता, मुंबई



हम चाहते हैं कि महानगरपालिका हमारे शहर को सिर्फ प्रशासनिक दृष्टि से न देखे, बल्कि स्मार्ट और सुरक्षित शहर बनाए-जहां युवा कल्चर, स्टार्टअप और खेलकूद के लिए जगह मिले।

– अथर्व पटैरिया

## हमें भेजें

अगर आप भी अपने विचार हमें भेजना चाहते हैं तो 8356804318 इस नंबर पर व्हाट्सप्प करें।

## विश्लेषण

## कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका

# ढहेगा या बचेगा शिंदे का गढ़



दोपहर संवाददाता । मुंबई

ठाणे जिले की बड़ी महानगर पालिकाओं में से एक कल्याण-डोंबिवली मनपा के चुनाव का बिगुल बज गया है। कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र को राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गढ़ माना जाता है। उनके पुत्र डॉ। श्रीकांत शिंदे यहां के सांसद हैं। महाराष्ट्र पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र के कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में बीजेपी और एकनाथ शिंदे गुट के बीच भारी संघर्ष देखने को मिल रहा है। राज्यभर में एक-दूसरे के पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को तोड़ने को लेकर बीजेपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अब निकाय चुनाव में जीत के बाद कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में शिवसेना–बीजेपी गठबंधन टूटने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने ऐसे संकेत दिए हैं। उन्होंने केडीएमसी चुनाव में बीजेपी के स्वबल पर लड़ने के संकेत दिए। रविवार शाम डोम्बिवली में हुई भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डोम्बिवली विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने एक संकेत देते हुए कल्याण-डोम्बिवली नगर निगम चुनाव में 122 भाजपा उम्मीदवारों को चुनने की अपील की। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि बीजेपी एकनाथ शिंदे के गढ़ में सेंधमारी कर पाती है या नहीं।

### KDMC की राजनीतिक पहचान

कल्याण–डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) की राजनीति परंपरागत रूप से अविभाजित शिवसेना के वर्चस्व के लिए जानी जाती रही है, जहां मराठी अस्मिता और स्थानीय नेतृत्व निर्णायक भूमिका निभाते थे। 2022 के राजनीतिक विभाजन के बाद एकनाथ शिंदे गुट ने तेजी से संगठनात्मक विस्तार करते हुए कई पूर्व पार्षदों और जमीनी कार्यकर्ताओं को अपने साथ जोड़ा, जिससे सत्ता समीकरण बदला है। वहीं बीजेपी ने शहरी मध्यम वर्ग, व्यापारियों और उत्तर भारतीय मतदाताओं के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है। इसके मुकाबले कांग्रेस और एनसीपी का प्रभाव सीमित होता गया है और वे निर्णायक भूमिका से बाहर नजर आती हैं। मौजूदा परिदृश्य में KDMC चुनाव अब स्पष्ट रूप से उद्धव ठाकरे की शिवसेना बनाम शिंदे गुट और बीजेपी के गठबंधन के बीच सीधी और निर्णायक लड़ाई में तब्दील हो चुका है।


### 122 नगरसेवकों को चुना जाना है

कल्याण डोंबिवली मनपा के चुनाव में कुल 122 नगरसेवकों को चुना जाना है। इस साल का मनपा चुनाव पैनल सिस्टम के हिसाब से होगा, 122 नगरसेवकों के चुनाव को लेकर 31 वार्ड में से 29 वार्ड में 4-4 नगरसेवकों के लिए वोट डाले जाएंगे, जबकि 2 वार्ड में 3 मेंबर होंगे। 31 वार्ड की 122 सीटों में से 12 सीटें अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों लिए, 3 सीटें अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए, 32 सीटें पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। कुल 122 सीटों में से 61 सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व की गई हैं।

### KDMC: जनसांख्यिकीय व वोटर प्रोफाइल (अनुमानित)

कल्याण–डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 9 से 10 लाख के बीच आंकी जाती है, जिसमें मराठी मतदाता सबसे बड़ा वर्ग हैं और उनकी हिस्सेदारी करीब 45 से 50 प्रतिशत मानी जाती है। उत्तर भारतीय मतदाता लगभग 20 से 25 प्रतिशत के बीच हैं, जो शहरी इलाकों और कामगार बस्तियों में प्रभावी भूमिका निभाते हैं। मुस्लिम मतदाताओं की हिस्सेदारी अनुमानित तौर पर 12 से 15 प्रतिशत है, जबकि जैन, सिंधी, गुजराती जैसे अन्य समुदायों का संयुक्त अनुपात लगभग 10 से 12 प्रतिशत के आसपास है, जो कई वार्डों में परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

### वोटिंग ट्रेंड



KDMC क्षेत्र में मराठी मतदाताओं का वोटिंग ट्रेंड मुख्य रूप से भावनात्मक मुद्दों, मराठी अस्मिता और स्थानीय जनसमस्याओं के इर्द-गिर्द केंद्रित रहता है। शहरी मध्यम वर्ग विकास कार्यों, कर प्रणाली, बुनियादी सुविधाओं और ट्रैफिक जैसी व्यावहारिक समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए मतदान करता है। वहीं मुस्लिम मतदाता परंपरागत रूप से कांग्रेस और एनसीपी की ओर झुकाव रखते हैं, हालांकि हाल के चुनावों में उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना को भी इस वर्ग से उल्लेखनीय समर्थन मिलता दिखा है।

### प्रमुख स्थानीय मुद्दे

कल्याण–डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में सबसे बड़ा मुद्दा रेलवे और ट्रैफिक संकट है, जहां सेंट्रल रेलवे पर अत्यधिक दबाव, कल्याण स्टेशन के लंबित पुनर्विकास और डोंबिवली में रोज़मर्रा के ट्रैफिक जाम से नागरिक बुरी तरह प्रभावित हैं। इसके साथ ही पानी और ड्रेनेज की समस्या भी गंभीर बनी हुई है—अनियमित जल आपूर्ति, मानसून में जलभराव और सीवरेज परियोजनाओं में लगातार हो रही देरी प्रशासन पर सवाल खड़े करती है। अवैध निर्माण और पुनर्विकास का मुद्दा भी राजनीतिक रूप से संवेदनशील है, जिसमें पुराने चॉलों और झुग्गी इलाकों के पुनर्विकास के नाम पर बिल्डर–नगरपालिका गठजोड़ के आरोप लगते रहे हैं। वहीं बढ़ता प्रॉपर्टी टैक्स, कमजोर कचरा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट और सड़कों की बदहाल स्थिति जैसे नागरिक मुद्दे शहरी मतदाताओं में असंतोष बढ़ा रहे हैं, जिसका सीधा असर वार्ड संरचना और ज़ोन–वाइज चुनावी समीकरणों पर पड़ता दिख रहा है।

## मनपा चुनाव 2026

# मनपा चुनाव में उत्तराखंड समाज ने मांगी हिस्सेदारी

धीरज सिंह । मुंबई



**देश की राजनीति और रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उत्तराखंडी प्रवासी समाज ने स्थानीय निकाय चुनावों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलने के कारण उपेक्षित महसूस किया है। मुंबई में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों में सक्रिय उत्तराखंड मूल के नागरिक इस बार 2026 के महानगरपालिका चुनावों में अपनी-अपनी पार्टियों से टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र के मनपा वार्ड क्रमांक 64 से सौ. विनीता महेंद्र सिंह गोसाई ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से टिकट की मांग की है। वहीं वडाला विधानसभा क्षेत्र के मनपा वार्ड क्रमांक 181 से धीरज सिंह रावत ने भी भाजपा से टिकट मांगा है। भाजपा मुंबई उत्तराखंड सेल के अध्यक्ष महेंद्र गोसाई के मुताबिक, उत्तराखंड समाज के करीब 10 लाख लोग महानगर के विभिन्न उपनगरों में रहते हैं। विशेषकर कांदिवली, जोगेश्वरी, घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप, मुलुंड, मीरा-भायंदर, वसई-विरार के अलावा ठाणे और नवी मुंबई के कई वार्डों में उत्तराखंडी मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। महेंद्र गोसाई ने उम्मीद जताई कि इस बार भाजपा मुंबई मनपा में उत्तराखंड समाज के लिए प्रतिनिधित्व का मार्ग खोलेगी।**

### मीरा-भायंदर और ठाणे में भी टिकट की दावेदारी

भाजपा की कार्यकर्ता ललिता दलवी रौतेला ने मीरा–भायंदर मनपा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से टिकट की मांग की है। वह मीरा–भायंदर मनपा के वार्ड क्रमांक 12 से चुनाव लड़ रही हैं। ललिता दलवी पिछली बार मनपा में मनोनीत सदस्य रह चुकी हैं। हालांकि, मीरा–भायंदर में विधायक नरेंद्र महेता के परिवारवाद के कारण उन्हें टिकट मिलने में कठिनाई आ सकती है। वहीं, मीरा–भायंदर मनपा के प्रभाग क्रमांक 3 से श्रीमती ललिता बिष्ट बहुजन विकास आघाडी से टिकट की दावेदार हैं। ठाणे मनपा चुनाव के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता अमन पप्पू बर्तवाल ने प्रभाग क्रमांक 3 से और एड. दरमियान सिंह बिष्ट ने प्रभाग क्रमांक 4 से टिकट की मांग की है। पनवेल मनपा चुनाव के लिए भाजपा के दिलीप सिंह बिष्ट ने कलंबोली प्रभाग क्रमांक 10 से उम्मीदवारी जताई है।

### ठाणे और नवी मुंबई में उत्तराखंड समाज की राजनीतिक भागीदारी

महानगर में उत्तराखंडियों में राजनीतिक भागीदारी की उम्मीद ठाणे से जगी थी। 1992 के ठाणे मनपा चुनाव में महादीप बिष्ट और मुन्ना सेठ ने निर्दलीय चुनाव लड़कर अपनी राजनीतिक शुरुआत की थी। महादीप बिष्ट को पहली सफलता 1997 में मिली। उन्होंने 2007 और 2012 में राकांपा (अविभाजित) से नगरसेवक के रूप में कार्य किया। अब वे ठाणे मनपा के प्रभाग क्रमांक 22 से प्रबल दावेदार हैं। महादीप बिष्ट पहले एनसीपी में थे, लेकिन उनके वरिष्ठ नेता विधानपरिषद सदस्य निरंजन डावखरे के भाजपा में शामिल होने के बाद उनके सभी समर्थक नगरसेवक भाजपा में शामिल हो गए। महादीप बिष्ट एकमात्र स्थानीय क्षेत्र में कार्यसम्राट और साफ सुथरी छवि वाले नगरसेवक माने जाते हैं।

### भाजपा और उत्तराखंड समाज : आगामी चुनाव की उम्मीद

वैचारिक रूप से मुंबई में उत्तराखंड समाज का भाजपा से जुड़ाव रहा है। 2016 में धर्मानंद रतूड़ी की अध्यक्षता में मुंबई में भाजपा का उत्तराखंड सेल बनाया गया था। अब महेंद्र सिंह गोसाई की अध्यक्षता में यह सेल मुंबई के कई वार्डों में सक्रिय है। रमण मोहन कुकरेती, अध्यक्ष, गढ़वाल भातृ मंडल मुंबई ने उम्मीद जताई कि भाजपा इस बार उत्तराखंड समाज को अनदेखा नहीं करेगी।

> उत्तराखंड प्रवासी समाज लाखों की संख्या में मुंबई और उपनगरों में रहता है। वे विभिन्न दलों को मजबूत करने अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए सभी पार्टियों को उत्तराखंड मूल के लोगों को भी मनपा चुनाव में टिकिट देना चाहिए।
>
> –मनोज भट्ट, अध्यक्ष
> देवभूमि सोशल फाउंडेशन व मुख्य संयोजक मुंबई, कौथिग

> देवभूमि से रोजी रोटी के लिए मुंबई आए उत्तराखंडी समाज ने अपनी मेहनत और इमानदारी से महानगर में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस समाज के लोगों को यदि महानगरपालिका में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलता है तो अवश्य वे इमानदारी से अपने वार्ड के विकास को नई दिशा दे सकते हैं।
>
> –गोविंद आर्य
> वरिष्ठ पत्रकार




# पार्टी नहीं, उम्मीदवार देखकर वोट देने के मूड में जनता

दोपहर संवाददाता । मुंबई

**आगामी मुंबई महानगर पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। टिकट बंटवारे से पहले सभी प्रमुख दलों ने अपने संभावित उम्मीदवारों की ताकत टटोलनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में डीबीडी सर्वे के तहत हमारे स्थानीय प्रतिनिधि जोगेश्वरी पूर्व के वार्ड क्रमांक 78 पहुंचे, जहां मतदाताओं से सीधे संवाद कर उनकी प्राथमिकताएं, मुद्दे और पसंदीदा उम्मीदवारों को लेकर फीडबैक लिया गया।**

### वार्ड 78 का सामाजिक और मतदाता प्रोफाइल

वार्ड 78 मुस्लिम बहुल क्षेत्र है। यहां लगभग 70 प्रतिशत अल्पसंख्यक और 30 प्रतिशत हिंदू मतदाता हैं। कुल मतदाता संख्या करीब 41 हजार है, जिसमें लगभग 21 हजार पुरुष और 19 हजार महिला मतदाता शामिल हैं। जातीय और सामाजिक समीकरण इस वार्ड को राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील बनाते हैं।

### स्थानीय समस्याएं : बुनियादी सुविधाओं का अभाव

सर्वे के दौरान सामने आया कि वार्ड की सबसे बड़ी समस्या युवाओं में बढ़ता नशा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ड्रग्स जैसे गंभीर नशे ने कई परिवारों को प्रभावित किया है, जिस पर तत्काल और ठोस कार्रवाई की जरूरत है। दूसरी बड़ी समस्या अतिक्रमण है। संकरी गलियों और अवैध हॉकरों के कारण झुग्गी बस्तियों में एंबुलेंस तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। नागरिकों ने मांग की कि एक अलग हॉकर जोन बनाकर रास्तों को खुला किया जाए। इसके अलावा पानी की समस्या, कचरा प्रबंधन, बड़े अस्पताल और स्कूलों की कमी तथा झुग्गी पुनर्विकास भी प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं।

### टिकट बंटवारे को लेकर दलों में खींचतान

वर्ष 2017 में इस वार्ड से नाज़िया अब्दुलजब्बार सोफी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से जीत दर्ज की थी। फिलहाल वे शिवसेना (शिंदे गुट) में सक्रिय हैं, जिस कारण यह सीट शिवसेना (शिंदे) और अजित पवार गुट की राष्ट्रवादी — दोनों के लिए अहम बन गई है। वहीं 2017 में दूसरे स्थान पर रही शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी शरदचंद्र पवार गुट भी जातीय समीकरणों के आधार पर इस सीट पर दावा ठोक रहे हैं। भाजपा और मनसे भी प्रयासरत हैं, लेकिन स्थानीय समीकरणों के चलते उनकी राह आसान नहीं दिखती। कांग्रेस चुनावी मैदान में है, लेकिन उसका पुराना जनाधार कमजोर नजर आ रहा है। सर्वे में बड़ी संख्या में लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 2017 के बाद वार्ड में अपेक्षित विकास नहीं हुआ। नाज़िया सोफी के कार्यकाल को लेकर सवाल उठे। स्थानीय नागरिकों ने उनके पति अब्दुलजब्बार पर कोरोना काल में बीएमसी द्वारा दिए गए कचरा डिब्बों की कथित चोरी का भी जिक्र किया, जिसकी खबरें वीडियो के साथ मीडिया और सोशल मीडिया में सामने आई थीं। इस मुद्दे ने उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया है।

### अंजुम नाखवा को लेकर बन रही है सहमति

सर्वे के दौरान जब स्थानीय लोगों से पूछा गया कि वार्ड से जीतने की क्षमता किसमें है, तो अंजुम नाखवा का नाम सबसे ज्यादा सामने आया। स्थानीयों का कहना है कि वार्ड को एक पढ़े-लिखे, युवा और विकास का स्पष्ट विज़न रखने वाले उम्मीदवार की जरूरत है। जानकारी के अनुसार अंजुम नाखवा शिवसेना से टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। उनके पिता निसार नाखवा पिछले 30 वर्षों से शिवसेना से जुड़े हुए हैं और जोगेश्वरी इलाके में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। लोगों ने बताया कि नाखवा परिवार का जनसंपर्क मजबूत है और वे स्थानीय समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। सर्वे में यह साफ उभरकर सामने आया कि वार्ड 78 में मतदाता इस बार पार्टी नहीं, उम्मीदवार देखकर वोट देने के मूड में हैं। लोगों का कहना है कि आज राजनीति में दल बदल आम हो गया है, लेकिन निष्ठा और भरोसे की पहचान ही असली कसौटी है।

### किस पार्टी के जीतने के आसार?

डीबीडी सर्वे के मुताबिक, वार्ड 78 में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जीतने की संभावना सबसे ज्यादा है। कांग्रेस का जनाधार कमजोर पड़ चुका है, जबकि वार्ड के सामाजिक समीकरणों को देखते हुए भाजपा और मनसे के लिए यहां जीत दर्ज करना मुश्किल नजर आ रहा है।

(यह रिपोर्ट डीबीडी सर्वे के तहत स्थानीय नागरिकों से बातचीत और ग्राउंड इनपुट पर आधारित है।)